राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोकशक्ति

RNI Regn. No.7789/1964

वर्ष-60 › अंक -54 रायपुर रविवार 18 फरवरी 2024 शुक्लपक्ष विक्रम संवत 2080 पृष्ठ 8 › मूल्य : 2 रू डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25



जगतगुरु रामभद्राचार्य और गीतकार गुलज़ार को मिलेगा ज्ञानपीठ पुरस्कार, चयन समिति ने किया ऐलान



कृषि निर्यात को वित्त वर्ष 1987-88 में 0.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर के मामूली निर्यात से बढ़ाकर वित्त वर्ष 2022-23 में 26.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचा

# NDA को पार करना है 400 का आंकड़ा : नड्डा

**नईदिल्ली,एजेंसी।**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता संभालने के बाद से पार्टी तेजी से आगे बढ़ी है। उन्होंने पिछले दशक में प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सराहना की जो पार्टी संगठन के लिए नई उपलब्धियों से भरा रहा है। नड्डा ने यहां दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में मौजूद प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनाव के बाद मोदी सरकार 'हैट्रिक' लगायेगी और लगातार तीसरी बार सत्ता बरकरार रखेगी।

यहां प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन की दो दिवसीय बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और नड्डा सहित केंद्रीय मंत्री, पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री, राज्यों के मंत्री, राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय पदाधिकारी, सांसद और विधायक सहित लगभग 11,500 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।




**भाजपा के अधिवेशन में क्या बोले जेपी नड्डा?**

नड्डा ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा, ''हमें 370 से अधिक सीट हासिल करनी हैं और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 400 सीट का आंकड़ा पार करना है।'' उन्होंने पार्टी सदस्यों से आह्वान किया कि वे इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए अपनी पूरी ऊर्जा लगा दें ताकि पार्टी अपने पिछले रिकॉर्ड तोड़ दे। नड्डा ने जब प्रधानमंत्री के कार्यकाल की मुख्य बातों का उल्लेख करते हुए महिला आरक्षण कानून और अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का जिक्र किया तो देशभर से आये हजारों पार्टी प्रतिनिधियों ने खड़े होकर मोदी के समर्थन में नारे लगाये।

अपने संबोधन में, नड्डा ने कहा कि वर्ष 2014 में पांच राज्यों में भाजपा की सरकार थी, लेकिन फिलहाल 12 राज्यों में भाजपा और 17 राज्यों में राजग सत्तारूढ़ है।

**भाजपा को लेकर नड्डा ने दिया बयान** - उन्होंने कहा कि भाजपा ने 2022 में बड़ी जीत के साथ उत्तर प्रदेश में दूसरे कार्यकाल के लिए सत्ता बरकरार रखी, उत्तराखंड में भी पार्टी लगातार दूसरी बार सत्तारूढ हुई और हाल में तीन राज्यों - छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में विधानसभा चुनाव जीता। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा 2021 के विधानसभा चुनावों में 10 प्रतिशत वोट और तीन सीट से बढ़कर 38.5 प्रतिशत वोट और 77 सीट पर पहुंच गई है। उन्होंने दावा किया कि पार्टी अगली बार राज्य में सत्ता में आएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी पहली बार असम सहित कई पूर्वोत्तर राज्यों में सत्ता में आई और तेलंगाना में उसका मत प्रतिशत दोगुना हो गया। दक्षिण भारत में पार्टी की मौजूदगी सीमित होने के तर्क को खारिज करते हुए, नड्डा ने कहा, ''कमल (भाजपा का चुनाव चिह्न) हर जगह है। यह एक अखिल भारतीय पार्टी है।''



मध्यप्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ़ के सीएम हुए भाजपा राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल

### ममता सरकार पर जमकर बरसे छत्तीसगढ़ के सीएम साय

## ममता महिलाओं का सम्मान के प्रति संवेदनशील नहीं

**संवाददाता।**

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए पश्चिम बंगाल की सरकार पर जमकर आरोप लगाया है। सीएम विष्णुदेव साय ने ममता सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि पश्चिम बंगाल का सरकार महिलाओं के सम्मान के साथ खिलवाड़ कर रही है। साथ ही कहा कि खुद महिला होने के बाद भी ममता बैनर्जी प्रदेश की महिलाओं का सम्मान के प्रति संवेदनशील नहीं हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि पश्चिम बंगाल की ममता सरकार में संदेशखली की घटना मन को व्यथित करने वाली है। जिस बंगाल में माता दुर्गा की पूजा आराधना की जाती है वहां टीएमसी के नेताओं के द्वारा महिलाओं के साथ सामूहिक शोषण हो रहा है, यह मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है। सीएम साय ने कहा कि बड़े ही दुख की बात है कि जिस प्रदेश की मुख्यमंत्री खुद महिला है उस सरकार में महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह सरकार मताओं-बहनों के प्रति सम्मान की भावना नहीं रख रही है।



### कर्पूरी जी ने अपने सामाजिक जीवन में शुचिता व त्याग के सर्वोच्च मानदंड स्थापित किये : अमित शाह

**एजेंसी।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने स्वतंत्रता सेनानी और सामाजिक चेतना के अग्रदूत, कर्पूरी ठाकुर जी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया। अपनी पोस्ट में श्री अमित शाह ने कहा ÷स्वतंत्रता सेनानी और सामाजिक चेतना के अग्रदूत, कर्पूरी ठाकुर जी की पुण्यतिथि पर कोटिशः वंदन। कर्पूरी जी ने अपने सामाजिक जीवन में शुचिता व त्याग के सर्वोच्च मानदंड स्थापित किये। आजीवन पिछड़ों व महिलाओं के अधिकारों के लिए समर्पित ठाकुर जी ने शिक्षा-व्यवस्था को सर्वसुलभ बनाने के महत्त्वपूर्ण कार्य किये थे।

### लोकतंत्र में संवाद का महत्व : योगी


## जनता की समस्या का होगा समाधान : योगी

**एजेंसी**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा लोकतंत्र में संवाद कर विशेष महत्व होता है। इसके साथ ही उन्होंने राज्य की जनता से आह्वान किया किसी कोई समस्या होती है तो वह अपनी परेशानी के बारे में सीधे शासन को सूचित करें। उन्होंने कहा सरकार के पास पहुंचने का मतलब, समस्या नहीं रहनी चाहिए, वह समाधान में बदलनी चाहिए।

इसके साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया आपकी सरकार जो भी समस्या पहुंचेगी उसको समाधान तक जरूर पहुंचाया जाएगा। उन्होंने बताया शासन तक जनता को अपनी समस्या पहुंचाने के लिए अनेक साधन उपलब्ध है।

ये बात मुख्यमंत्री ने मेडिकल एसोसिएशन के ऑडिटोरियम में आयोजित डॉ राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के उद्घाटन समारोह में कही। सीएम योगी ने कहा सुशासन की पहली शर्त रूल ऑफलॉ है , बिना बार और बंचे के सहयोग के यह मुमकिन नहीं है। उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश में सुशासन मॉडल को स्थापित करने में बेंच



और बार का हमेशा सहयोग मिलता रहा है।

सीएम योगी ने इस अवसर पर कहा भारतीय संविधान ने देश ही नहीं दुनिया को भी लोकतांत्रिक तरीका अपनाकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है। संविधान की प्रस्तावना तैयार करते समय हुई चर्चा में बाबा भीमराव अंबेडकर ने कहा था कि हमारी चुनौती संविधान के विस्तार और अंतक को लेकर नहीं है।

सीएम ने कहा संसद में तीन एक्ट बने अब डॉ राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय को ये जिम्मेदारी लेनी चाहिए कि प्रदेश भर के युवा अधिवक्ताओं के नए एक्ट समेत ज्युडिशियरी ट्रेनिंग का एक खास कार्यक्रम आयोजित करें, राज्य सरकार उसमें पूरा सहयोग करेगी।

### कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए भारतीय खाद्य निगम की अधिकृत पूंजी 10,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 21,000 करोड़ रुपये करने का ऐतिहासिक फैसला किया

**एजेंसी।** कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने और संपूर्ण देश में किसान-कल्याण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सरकार ने कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए भारतीय खाद्य निगम की अधिकृत पूंजी 10,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 21,000 करोड़ रुपये करने का ऐतिहासिक फैसला किया है। यह रणनीतिक कदम किसानों को समर्थन देने और भारत की कृषि अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई), देश की खाद्य सुरक्षा के स्तंभ के रूप में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खाद्यान्न की खरीद, रणनीतिक खाद्यान्न भंडार के रखरखाव, राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को वितरण और बाजार में खाद्यान्न की कीमतों का स्थिर रखने सहित विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों में उल्लेखनीय भूमिका निभाता है।

## मोदी के गढ़ काशी में राहुल की न्याय यात्रा का विरोध,

### वीडियों में देखें जब कांग्रेस समर्थक और राम भक्त हुए आमने-सामने



**एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र काशी पहुंची है। राहुल गांधी की न्याय यात्रा का आज पीएम मोदी के गढ़ काशी में जमकर विरोध किया गया। राहुल जब अपनी यात्रा गोलगड्डा से शुरू कर हरतीरथ चौराहे पर पहुंचे तो कुछ युवकों ने भगवान श्री राम के बैनर, झंडा और भगवा रंग का गमछा डाल जय श्री राम के नारे लगाते हुए उनका जमकर विरोध किया। इसी दौरान राहुल गांधी की न्याय यात्रा में शामिल एक कांग्रेस समर्थक भी प्रदर्शन करने वाले युवकों के सामने पहुंच गया और अपने बैग से काला कपड़ा निकालकर उन्हें दिखाते हुए राहुल गांधी के समर्थन में कहना शुरू किया कि राम सबके है।

**10 किलोमीटर है आज की यात्रा** राहुल गांधी की न्याय यात्रा आज शुरू हुई तो बड़ी संख्या में कांग्रेस समर्थक मौजूद थे। खुद इसकी अगवानी करने के लिए कांग्रेस नेता जयराम रमेश भी मौजूद रहे। बता दें कि कांग्रेस पीएम के गढ़ में अपनी हनक साबित कर सके इसके लिए राहुल गांधी की न्याय यात्रा की शुरुआत मुस्लिम बाहुल्य इलाके से की गई जहां बड़ी संख्या में मुसलमान राहुल के समर्थन में मंच बनकर उनका स्वागत करते दिखे। राहुल की यह न्याय यात्रा वाराणसी में करीब 10 किलोमीटर का रास्ता तय करेगी।



### पाकिस्तानी सेना ने नवाज को कहा था-आप पीएम बन जाओ या बेटी को पंजाब का सीएम बनवा लो, पार्टी सूत्रों ने किया खुलासा

**लाहौर : एजेंसी।**


पाकिस्तानी सेना द्वारा सरकार बनाने में हस्तक्षेप की बात सत्य है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफकी पार्टी के सूत्रों ने ही यह दावा किया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार पाकिस्तानी सेना ने मुस्लिम लीग-नवाज के प्रमुख नवाज शरीफ को यह ऑफर दिया था कि या तो वह पीएम बन जाएं या फिर अपनी बेटी को पंजाब का मुख्यमंत्री बनवा लें। पाकिस्तानी सेना ने कहा था कि इन दोनों में से एक ही विकल्प नवाज को चुनना होगा। लिहाजा वह पीएम बनने से पीछे हट गए। बता दें कि पाकिस्तानी सेना के इस ऑफर के बाद रिकॉर्ड चौथी बार प्रधानमंत्री बनने की अपनी महत्वाकांक्षा को नवाज त्याग दिया है।

इसके बाद उन्होंने अपने छोटे भाई शहबाज शरीफको इस पद के निए नामित किया है। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। पार्टी सूत्रों ने बताया कि उन्होंने यह फैसला शक्तिशाली सेना द्वारा उन्हें दो विकल्प दिए जाने के बाद लिया। सेना ने उन्हें प्रधानमंत्री बनने या अपनी बेटी मरियम नवाज को पंजाब सूबे की मुख्यमंत्री बनाने में से किसी एक विकल्प को चुनने के लिए कहा था। पीएमएल-एन प्रमुख द्वारा प्रधानमंत्री पद के लिए शहबाज शरीफ को नामांकित करने से पार्टी में बहस शुरू हो गई थी कि तीन बार के प्रधानमंत्री नवाज को पूर्व में इस पद का दावेदार घोषित किए जाने के बावजूद क्यों 'दरकिनार'किया गया।

## 45 करोड़ जनधन खातों में 2.1 लाख करोड़ रुपये जमा : केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर

**एजेंसी।** केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने फेडरल बैंक की 2024 वार्षिक सरकारी और संस्थागत बिजनेस मीट का उद्घाटन किया. बैंक के अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए, मंत्री ने सबसे पहले फेडरल बैंक को आज के सबसे अधिक शेयर मूल्य के लिए बधाई दी.

वर्तमान सरकार से पहले के समय को याद करते हुए ठाकुर ने कहा कि 2014 से पहले सरकार नीतिगत पंगुता के लिए जानी जाती थी. 2014 के बाद से, सिद्धांत और विश्वास सुधार, प्रदर्शन, परिवर्तन की तरफ स्थानांतरित हो गया है. बैंकिंग क्षेत्र आज कर्ज के



चंगुल से बाहर है और सर्वकालिक उच्च प्रदर्शन पर है. मंत्री ने कहा कि जब 2014 से पहले देश आर्थिक अपराधियों से आहत था, तो यह वर्तमान सरकार ही थी जो आर्थिक अपराधी विधेयक लेकर आई और अभी भी सभी अपराधियों को भारत वापस लाने के लिए विदेश में मामले लड़ रही है. सकल एनपीए घटकर 3.2 प्रतिशत हो गया है, और संपत्ति पर रिटर्न 2023 में 0.5 प्रतिशत से बढ़कर 0.79 प्रतिशत हो गया है. उस माहौल को याद करते हुए जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री जन धन योजना की घोषणा की थी, ठाकुर ने कहा कि बहुत से लोगों ने इसे असफल व्यक्ति के रूप में खारिज कर दिया था. लेकिन आज सरकार इस योजना के तहत 45 करोड़ बैंक खाते खोलने का गर्व कर सकती है. इन जन धन खातों के तहत जमा राशि 2.1 लाख करोड़ रुपये है जो बैंकिंग इकोसिस्टम का हिस्सा है।

## डॉक्टर ऑन व्हील्स की अधिकांश लाभार्थी महिलाएं हैं : डॉ. जितेंद्र सिंह

**एजेंसी।**

उधमपुर-कठुआ-डोडा लोकसभा क्षेत्र के दूर-दराज के क्षेत्रों में अब तक लगभग 13,000 मरीजों को ÷डॉक्टर ऑन व्हील्स÷, द्वारा उपचार प्रदान किया गया, जो अपनी तरह का पहला, अत्याधुनिक, कृत्रिम इंटेलिजेंस (एआई) संचालित निःशुल्क मोबाइल टेलीमेडिसिन क्लिनिक है । आज नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक मीडिया साक्षात्कार में यह कहा कि यह अनोखा प्रयोग नवीनतम प्रौद्योगिकी उपकरणों का उपयोग करता है जिसके अन्तर्गत मोबाइल टेलीमेडिसिन क्लिनिक में उपचार के लिए आने वाले मरीज की पूरी तरह से जांच की जाती है और फिर हैदराबाद और बेंगलुरु जैसे महानगरों के अग्रणी अस्पतालों में से एक में संबंधित सुपर-विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श प्राप्त किया जाता है इसके लिए एक व्यवस्था बनाई गई है। उन्होंने कहा कि मरीज की जांच और डॉक्टर का पर्चा उपलब्ध कराने की यह पूरी प्रक्रिया लगभग 45



मिनट में पूरी हो जाती है, तथापि अगर मरीज को शारीरिक रूप से अस्पताल जाना पड़े तो इसमें कई दिन लग सकते हैं। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि 'डॉक्टर ऑन व्हील्स' पहल के अधिकांश लाभार्थी महिलाएं हैं, उन्होंने बताया कि डोडा, हीरानगर और कठुआ-बिलावर क्षेत्रों में कुल 11,431 लाभार्थियों में से 6,643 महिलाएं थीं।

**धर्म** | अयोध्या में 19 से 21 फरवरी के मध्य ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी

## अयोध्या के विकास के लिए होगा 10 हजार करोड़ से ज्यादा का निवेश

**एजेंसी।**

लखनऊः रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से ही अयोध्या दुनियाभर के पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। तमाम क्षेत्रों के लोग यहां निवेश करना चाहते हैं।

अयोध्या में 10,155 करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश किया जाएगा। इसके अलावा रोजगार के अवसर भी खुलेंगे। योगी सरकार ने 20 हजार से ज्यादा युवाओं को रोजगार दिलाने का मार्ग प्रशस्त किया है। पर्यटन के क्षेत्र में 3129 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव आए हैं, जिससे 6400 से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकेंगे। 'द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा' की तरफ से रामनगरी में 3

| प्रोजेक्ट | निवेश | रोजगार |
|---|---|---|
| द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा | 3000 करोड़ | 100 |
| पक्का लिमिटेड | 550 करोड़ | 600 |
| क्रिसेंडो इंटीरियर्स | 500 करोड़ | 100 |
| महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय | 480 करोड़ | 480 |
| अमृत बॉटलर्स प्राइवेट लिमिटेड | 250 करोड़ | 200 |
| भारद्वाज ग्लोबल इंफ्रावेंचर्स प्रा. लि. (ताज ग्रुप होटल) | 176.26 करोड़ | 100 |
| सिबॉन टेक्नोलॉजिस लिमिटेड यूके | 175 करोड़ | 50 |
| श्रीराम कृपा होटल्स प्रा. लि. (मैरियट ग्रुप) | 155 करोड़ | 150 |
| पनास ड्रीम वलड एलएलपी | 143 करोड़ | 178 |
| पीईसीएस इंफ्रा प्रा. लि. | 107 करोड़ | 50 |



हजार करोड़ रुपए के निवेश किए जाएंगे। गौरतलब है कि अयोध्या में 19 से 21 फरवरी के मध्य ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) होने वाली है, जिसके जरिए योगी सरकार यहां के लगभग 20 हजार से अधिक युवाओं के लिए रोजगार सृजन का मार्ग प्रशस्त करेगी। सीएम योगी ने रामनगरी को विकास की नई पहचान दिलाई है, लिहाजा यह निवेशकों को आकर्षित कर रही है। 19 फरवरी को होने वाले जीबीसी में यहां 10155.79 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावित हैं। पर्यटन के क्षेत्र में यहां 3129 करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। यहां सर्वाधिक तीन हजार करोड़ रुपये के निवेश द हाउस ऑफअभिनंदन लोढ़ा ग्रुप की तरफसे किए जाने की तैयारी है।

### तमिलनाडु की पटाखा फैक्टरी में जोरदार विस्फोट



**एजेंसी ।**

तमिलनाडु के विरुधुनगर में पटाखा फैक्टरी में शनिवार को जोरदार विस्फोट हुआ। इस विस्फोट में अभी तक कम से कम 8 लोगों की मौत होने की जानकारी मिल रही है, जबकि तीन अन्य घायल बताए जा रहे हैं। पुलिस ने इस विस्फोट की जानकारी दी है। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के हवाले से बताया कि मृतकों में महिलाएं भी शामिल हैं। पटाखा बनाने की इस फैक्टरी में किस वजह से आग लगी है, इसका अभी पता नहीं चल सका है। बता दें कि यह घटना तमिलनाडु के वेम्बकोट्टई पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले एक स्थान पर हुई है।

## खास - खबर

### भिलाई निगम क्षेत्र के विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर पहुंचे भारत सरकार के प्रतिनिधि

**भिलाई।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के डायरेक्टर सर्वेश्वर मांझी गृह मंत्रालय भारत सरकार शुक्रवार को सेक्टर-1 में आयोजित संकल्प यात्रा शिविर आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के साथ पहुँचे और शिविर स्थल पर लगाये गये प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला गैस योजना, पी.एम. विश्वकर्मा, महतारी वंदन, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, स्वास्थ्य परीक्षण, टी.बी.रोग निदान, मुद्रा लोन स्वनिधि लोन सहित सभी काउन्टर में घूम-घूम कर जानकारी प्राप्त किये। उन्होने उज्जवला गैस योजना के हितग्राही जमुना बाई, के.एम. उषा आनंदन, कलपना, अर्चना कुमारी, अंजू साहू, कृष्णा को गैस किट प्रदान किया और पुछा की आपको आवेदन करने में कोई परेशानी तो नही हुई सभी हितग्राही इस बात पर खुशी व्यक्त किये कि बहुत आसानी से हमे आज गैस मिल गया, इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी जी को धन्यवाद। श्री मांझी एवं पार्षद शकुन्तला साहू, ईश्वर साहू व नोमिन साहू ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में बेहतर कार्य करने वाले सामुदायिक संगठिका को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किये। श्री मांझी ने आयुष्मान कार्ड लोगो तक पहुँचे यह सुनिश्चित करने को कहा शिविर की व्यवस्था को देखकर उन्होने निगम भिलाई के कार्यो पर संतोष व्यक्त किया। शिविर का शुभारंभ प्रात: 9 बजे भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैल्यचित्र पर माल्यापर्ण व दीप प्रज्ज्वलित कर हुआ। इसके बाद शिविर स्थल पर उपस्थित नोडल अधिकारी प्रीति सिंह, अभियंता आलोक पसीने, शंकर सुमन मेश्राम, अमित एक्का, बसंत प्रधान, जे श्रीनिवास राव, उपासना साहू, अशोक यादव, प्रमोद मिश्रा, सूर्यकांत पाण्डेय, बाल राजू, कुलदीप रोशन सहित उपस्थित नागरिको ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प दोहराया।

### बीएसपी द्वारा कमकासुर में चिकित्सा शिविर का आयोजन

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा षिविर का आयोजन अपने आस-पास के परिधीय क्षेत्रों में एवं खदान क्षेत्रों में किया जाता है। इसी क्रम में 15 फरवरी 2024 को डुल्की माइंस के समीप स्थित कमकासुर ग्राम में चिकित्सा षिविर का आयोजन किया गया। बोरीगारिका में आयोजित चिकित्सा षिविर में कुल 28 लोगों की जांच करके उनको दवाई वितरण किया गया। षिविर में सामान्य जांच, शुगर, बीपी के अतिरिक्त नि:शुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। भिलाई इस्पात संयंत्र अपने आस-पास के परिधीय क्षेत्रों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की नि:षुल्क सुविधा काफी लंबे समय से उपलब्ध कराता आ रहा है। इसका उद्देष्य दूरस्थ ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर विभाग द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए निरन्तर स्वास्थ्य षिविरों का आयोजन, संयंत्र के परिधीय क्षेत्रों तथा खनि नगरियों में किया जा रहा है।

### कलेक्टर टीएल के शिकायत पर नगर निगम ने कार्रवाही कर हटाया अतिक्रमण

**दुर्ग।** क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 14 सिकोला भाठा सब्जी मंडी बाजार के पास,ओव्हर ब्रिज के नीचे दुर्ग में गोलू यादव, गोल्डी यादव आ.स्व. पंचू यादव एवं देवकी बाई साहू पति अनिल साहू द्वारा सार्वजनिक भूमि पर ठेला.पसरा एवं गुमटी लगाकर व्यवसाय करते हुए अतिक्रमण कब्जा किया गया है।जिसकी शिकायत कलेक्टर टीएल में सिकोला भाठा के नागरिको द्वारा किया गया था,शिकायत को लेकर आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर नगर निगम भवन अधिकारी गिरीश दीवान,अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता,नायाब तहसीलदार ज्योत्सना कल्हियारी, सहायक भवन निरीक्षक विनोद मांझी ने अमला के साथ सिकोला भाठा पहुँचकर अतिक्रमण स्थल का निरीक्षण किया,अवैध रूप से अतिक्रमण कर सड़क पर ठेले रखकर चारो और पक्की सिमेंटी किया गया था,अधिकारियों के निर्देश पर तोडू दस्ता अमला द्वारा ब्रेकर मशीन से तोड़कर हटाने की कार्रवाही की गई।बता दे कि शिकायत कर्ता द्वारा कलेक्टर टीएल में शिकायत में कहा सार्वजनिक भूमि पर ठेला,पसरा एवं गुमटी लगाकर व्यवसाय करते हुए अतिक्रमण कब्जा किया गया है,जिससे सार्वजनिक भूमि एवं आवाजाही बाधित हो रही है। भी कारण बन सकता।कार्रवाही के दौरान अधिकारी द्वारा अतिक्रमण कर्ता को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि दुबारा ठेला रखकर अतिक्रमण करते पाया गया।

# एयरपोर्ट की तर्ज पर दिखेगा पावर हाउस रेल्वे स्टेशन

लोकशक्ति

**भिलाई। केन्द्र सरकार की अमृत भारत योजना के तहत रेल्वे प्रशासन द्वारा प्रस्तावित पावर हाउस रेल्वे स्टेशन के सौदर्यीकरण एवं विस्तारीकरण में बाधक बन रहे स्टेशन के सामने अनियमित रूप से लगाए 14 ठेला, गुमटी को भिलाई निगम ने पुलिस प्रशासन एवं रेल्वे अधिकारियों की उपस्थिति में बेदखल किया। पावर हाउस रेल्वे स्टेशन में जी.ई.रोड की ओर स्टेशन पहुँच के रास्ते में अनियमित लगाये गये ठेले, गुमटी, टीन टप्पर से निर्मित 14 दुकानों को बेदखल किया गया है।**

जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा ने बताया कि रेल्वे स्टेशन पावर हाउस के सौंदर्यीकरण एवं विस्तारीकरण के लिए रेल्वे प्रशासन ने निगम को उक्त स्थल को रिक्त करवाकर सौंपने पत्र दिया था।

जिस पर निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने कार्यवाही कर बेदखली किये जाने के आदेश दिए थे जोन-3 कार्यालय द्वारा स्टेशन गेट पर लगे दुकानदारो को नोटिस देकर स्वयं



से अपने कब्जे को हटाने कहा था। नोटिस की समय सीमा समाप्त होते ही जोन-3 का राजस्व अमला शुक्रवार को पुलिस व रेल्वे के अधिकारियो के साथ दो जे.सी.बी. लेकर मौके पर पहुँची निगम प्रशासन ने सबसे पहले अवैध रूप से चल रहे सायकल स्टेण्ड के घेरा तथा कमरे को ध्वस्त किया कार्यवाही को देखकर अन्य ठेला, गुमटी संचालक अपने दुकान से सामान हटाना प्रारंभ किये। दुकान खाली होते ही सभी ठेला, गुमटी को चैन से बांध कर जे.सी.बी. द्वारा स्थल से बेदखल किया गया। कार्यवाही में व्यापारियों का तथा आम नागरिको का सहयोग प्रशंसनीय रहा। कार्यवाही के दौरान तहसीलदार गुरूदत्त पंचभाई, जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा ,छावनी सी.एस.पी. आशीष बंछोर सहायक राजस्व अधिकारी बाल कृष्ण नायडू, छावनी थाना टी.आई. सोनम ग्वाला, कुम्हारी टी.आई. संजय मिश्रा, जामुल टी.आई. कोसले, गति शक्ति योजना से जुड़े रेल्वे के कार्यपालन अभियंता सुनील कुमार, वरिष्ठ अनुभाग अभियंता अरूण चौधरी, रेल्वे पुलिस फोर्स के इंसपेक्टर पूर्णिमा राय बंजारे, सब इंसपेक्टर आर.के.राठौर, निगम का तोड़फोड़ दस्ता महिला एवं पुरूष पुलिस कर्मचारी उपस्थित थे।

## सोसाइटी के वरिष्ठ सदस्य हमारे मार्गदर्शकः मिश्र

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मियों की सहकारी संस्था इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान माह जनवरी या उसके पूर्व सेवानिवृत हुए भिलाई स्टील प्लांट के कर्मियों सह संस्था के सदस्यों को भावभीनी विदाई दी गई।

संस्था के इन वरिष्ठ सदस्यों को शाल तथा श्रीफल भेंट कर व उनकी जमा निधियों का खाता देय चेक प्रदान किया गया। इन सेवानिवृत्ति सदस्यों में मशीन असेंबलिंग एंड इंजीनियरिंग शॉप (मार्स) से नारद राम देशमुख, फायर ब्रिगेड से स्वरूप सिंह,वाटर मैनेजमेंट से बिसाहू राम बघेल,रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल से स्वरूप सिंह,वेंकट राव,वायर एंड रॉड मिल से ओमप्रकाश,ट्रांसपोर्ट एंड डीजल ऑर्गेनाइजेशन से नौशाद अली,प्लेट मिल से आलोक शर्मा,सुरेश कुमार कैपिटल हैवी मेंटेनेंस से गोविंद,कोक ओवन एंड कोल केमिकल विभाग से टीकाराम,नारायण यादव,पावर एंड ब्लोइंग स्टेशन से आलोक राव सत्कार,टाउनशिप इंजीनियरिंग विभाग (सिविल)से भूषण लाल नांदिया,रिसर्च एंड कंट्रोल लैब से कार्तिकराम साहू,शिक्षा विभाग से सरिता बहल,ब्लास्ट फर्नेस से फगुआराम और



जनरल एस्टेब्लिशमेंट से नमिता विश्वास शामिल हैं।

इन सभी का सम्मान करते हुए सोसाइटी के अध्यक्ष बृजबिहारी मिश्र ने कहा कि हम सबके मार्गदर्शक में इन सदस्यों का योगदान अतुलनीय है और इन सभी की वजह से सोसाइटी को नई ऊंचाईयां मिली। इस अवसर पर संस्था की उपाध्यक्ष श्रीमती इंद्रजीत कौर सहित बोर्ड के सदस्य धनंजय चतुर्वेदी,जे के गहिने और के पी चंद्राकर ने भी अपने विचार व्यक्त किए,जबकि सदस्यों में से भूषण लाल नाडिया,व आलोक शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त करते सोसाइटी के साथ अपने वर्षों पुराने संबंधों को याद करते विपरीत परिस्थितियों में प्राप्त आर्थिक सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

## वायर रॉड मिल ने उत्पादन का बनाया नया रिकॉर्ड

लोकशक्ति

**भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की वायर रॉड मिल ने 15 फरवरी 2024 को टीएमटी 10 और 8 एमएम प्रोफाइल में दैनिक उत्पादन का नया रिकॉर्ड बनाने में कामयाबी हासिल की। मिल ने 1,663 टन उत्पादन कर, 19 नवंबर 2023 को दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 1,654 टन को पार किया।**

इलेक्ट्रोड उद्योग के लिए इलेक्ट्रोड गुणवत्ता वाले वायर रॉड की रोलिंग के साथ ही भूकंपरोधी (ईक्यूआर) और जंगरोधी (एचसीआर) दोनों ग्रेड में टीएमटी वायर रॉड बनाने वाली मिल ने अप्रैल 2023 से जनवरी 2024 की अवधि के दौरान उत्पादन में पिछले वर्ष की तुलना में 23.6 प्रतिषत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। मिल ने वित्त वर्ष 2022-23 की अप्रैल से जनवरी की अवधि में दर्ज 3,07,664 टन उत्पादन को पार करते हुए वर्तमान वित्त वर्ष की इसी अवधि में 3,80,268 टन



वायर रॉड उत्पादन दर्ज किया।

गौरतलब है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में वायर रॉड मिल ने उत्पादन में वृद्धि आंतरिक संसाधनों द्वारा पिंच रोल यूनिट के प्रतिस्थापन के माध्यम से सुनिष्चित की है। एक अलग डिजाइन की 'बी स्ट्रैंड' की पिंच रोल यूनिट को, मिल के सी स्ट्रैंड में फिक्स किया गया है। इस कार्य को निष्पादित करने के लिए वायर रॉड मिल टीम ने दोनों स्ट्रैंड की नींव और आधार फ्रेम को मॉडिफाई किया। यह कार्य संयंत्र के इंजीनियरिंग डिजाइन विभाग और मैकेनिकल संगठन के सहयोग से पूरा किया गया। ईडीडी ने बेस फ्रेम के लिए ड्राइंग तैयार किया और मैकेनिकल संगठन के मशीन शॉप ने बेस फ्रेम तैयार करने में सहायता प्रदान की।

वैल्यू एडेड स्पेषल स्टील ग्रेड के उत्पादन के क्षेत्र में वायर रॉड मिल ने वर्तमान वित्त वर्ष में पहली बार टीएमटी एफई-550 ग्रेड की रोलिंग की है। वर्तमान वित्त वर्ष की अप्रैल से जनवरी अवधि के दौरान वायर रॉड मिल ने 23,825 टन इलेक्ट्रोड क्वालिटी ग्रेड (ईडब्ल्यूएनआर) आईएस-2879 का उत्पादन किया। मिल ने वर्तमान वित्त वर्ष की अप्रैल से जनवरी अवधि के दौरान 1,41,969 टन टीएमटी वायर रॉड्स का उत्पादन किया, जिसमें टीएमटी (ईक्यूआर) ग्रेड में 1,35,745 टन और टीएमटी (एचसीआर) ग्रेड में 6,223 टन उत्पादन शामिल है। मिल ने वर्तमान वित्त वर्ष की अप्रैल से जनवरी अवधि के दौरान 2,07,467 टन स्पेषल ग्रेड प्लेन वायर रॉड्स का उत्पादन दर्ज किया, जो कि पिछले वर्ष की इसी अवधि में दर्ज 1,75,132 टन उत्पादन से कहीं अधिक है।

मुख्य महाप्रबंधक (मर्चेंट मिल एंड वायर रॉड मिल) एम के गोयल ने वायर रॉड मिल बिरादरी के सदस्यों को उत्पादन बढ़ाने के उनके समग्र प्रयासों के लिए बधाई दी है और सभी संबंधित विभागों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी डब्ल्यूआरएम टीम और उनके नेतृत्व तथा उत्पादन में बढ़ोत्तरी के लिए संबंधित विभागों के प्रयासों तथा उनके सहयोग के लिए बधाई दी।

छत्तीसगढ़ धरोहर रत्न सम्मान

## चिकित्सा के क्षेत्र में संजय तिवारी व अरुण मिश्रा तथा पत्रकारिता में रमेश गुप्ता सम्मानित

लोकशक्ति

**भिलाई।** रूपाली महतारी गुड़ी बहुद्देशीय संस्था भिलाई ने रायपुर के वृंदावन हॉल में गुरुवार को छत्तीसगढ़ धरोहर रत्न सम्मान समारोह का आयोजन किया। इसमें राज्य के अलग-अलग शहरों की उन हस्तियों को सम्मानित किया गया जो समाज में अपना योगदान दे रही हैं। समारोह में चिकित्सा, शिक्षा, सामाज कल्याण व पत्रकारिता आदि क्षेत्रों में विशेष योगदान के लिए विभुतियों का सम्मान किया गया है। चिकित्सा के क्षेत्र भिलाई के संजय तिवारी व अरुण मिश्रा सहित कुछ अन्य विभूतियों को सम्मान मिला। वहीं पत्रकारिता में उत्कृष्ठ योगदान के लिए रमेश गुप्ता को सम्मानित किया गया।

रूपाली महतारी गुड़ी बहुद्देशीय संस्था भिलाई ने जिन विभुतियों का सम्मान किया उनमें ऐसे लोग भी शामिल हैं तो स्वयं के खर्च से आश्रम चला हैं। किसी ने छत्तीसगढ़ी कैलेण्डर बनाकर अपनी




साहित्य कला को बढ़ाया है। चिकित्सा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान के लिए भी सम्मान दिया गया। यही नहीं संस्था की अध्यक्ष शांता शर्मा का नाम 25 हजार छत्तीसगढ़ी गहना बांटने के लिए गोल्डन बुक रेकॉर्ड में दर्ज किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुरेंद्र गोंड रहे। विशेष अतिथियों में लता चंद्राकर, अनिता चौहान, अजय यादव आदि शामिल रहे।

चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए एस आर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर चिखली दुर्ग के डायरेक्टर संजय तिवारी, डॉ.विश्वमित्र बी. दयाल का सम्मान किया गया। एसआर हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर द्वारा भिलाई में डेंगू के प्रकोप के समय व कोरोना काल में सराहनीय कार्य किया गया। एसआर हॉस्पिटल द्वारा समय समय पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण तथा कई मौको पर गर्भवती महिलाओं का नि:शुल्क सिजेरियन ऑपरेशन आदि भी किए गए हैं। अस्पताल के चेयरमेर संजय तिवारी को उनके इन्ही कार्यों के लिए सम्मान दिया गया। इसी प्रकार बी एम शाह हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर सुपेला द्वारा भी रियायती दरों पर स्वास्थ्य सेवा मुहैय्या कराया जा रहा है। यहां सभी प्रकार के हेल्थ समस्याओं का इलाज किया जाता है। बीएम शाह हॉस्पिटल प्रबंधन भिलाई में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक जाना माना नाम है। अस्पताल की सेवाभावी कार्यों के कारण ही इसके डायरेक्टर अरुण मिश्रा सहित डॉ. नलिनी मढ़रिया, डॉ. सरिता साहू, श्रेया वानखेड़े आदि का सम्मान किया गया।

खेल: तनुश्री, ज्योति साहू।

संगीत: सुनील सोनी, शामला शर्मा, लक्ष्मी करियारे।

साहित्य: मिनेश साहू, गजेंद्र रथ गर्व, अमित शर्मा, योगेश नैयर, जोशी सिस्टर्स।

आर्ट: प्रमोद साहू, धनेश साहू।

## टोल फ्री नं. 1982 पशु चिकित्सा वाहन सभी जगह उपलब्ध हो - योगिता चंद्राकर

**दुर्ग।** जिला पंचायत कृषि स्थायी समिति की बैठक का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में सभापति जिला पंचायत कृषि स्थायी समितिएवं विशेष अतिथि योगिता चंद्राकर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा यादव व सदस्य कृषि स्थायी समिति श्रीमती लक्ष्मी यशवंत साहू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उप संचालक उद्यान सह सदस्य सचिव कृषि स्थायी समिति पूजा कश्यप साहू द्वारा सभापति की अनुमति से विभागीय योजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया गया। जिसमें वर्ष 2023-24 के अंतर्गत उद्यानिकी विभाग में संचालित राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना घटक सब्जी क्षेत्र विस्तार, फल क्षेत्र विस्तार, संरक्षित खेती अंतर्गत ग्रीन हाऊस, शेडनेट हाऊस व माली प्रशिक्षण एवं राज्य पोषित योजना घटक नदी कछार, सामुदायिक फेंसिंग, पोषण बाड़ी इत्यादि योजनाओं का भौतिक/वित्तीय लक्ष्य पूर्ति पर चर्चा किया गया। उसके पश्चात् उप संचालक कृषि ललित मोहन भगत द्वारा विभागीय योजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया गया, जिसमें स्वायल हेल्थकार्ड, मैनेजमेंट योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना-रफ्तार (प्रदर्शन), राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन-दलहन व राज्य प्रवर्तित योजना अंतर्गत द्विफसलीय क्षेत्र विस्तार योजना, किसान समृद्धि योजना, ग्रीष्मकालीन धान के बदले मक्का फसल प्रोत्साहन व अन्य घटकों के भौतिक व वित्तीय लक्ष्य पूर्ति पर चर्चा किया गया।, राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना एवं अन्य योजना के भौतिक व वित्तीय लक्ष्य पूर्ति पर चर्चा किया गया। साथ ही केन्द्र सरकार की नवीन योजना नेशनल लाइव स्टॉक मिशन की जानकारी दी गई।

## गागर में सागर रचना की प्रेरणा डॉ.महेश को पंचतन्त्र से मिली- डॉ.वर्मा

**भिलाई। पुस्तकों पर कम चर्चाओं के इस दौर में आचार्य डॉ. महेश चन्द्र शर्मा की आठवीं पुस्तक गागर में सागर पर समीक्षा संगोष्ठी विशेष प्रसंग है। वास्तव में इस के पीछे लेखक का कृतित्व और व्यक्तित्व है। डा. शर्मा संस्कृत और संस्कृति के महत्वपूर्ण चिन्तक हैं। उनका पूरा जीवन साहित्य, संस्कृति, शिक्षा और लेखन को समर्पित है। उनके अनुभव का निचोड़ उनके लेखन में सहज ही उपलब्ध है। लेखन जैसे बड़े काम के लिये बड़े से बड़ा और छोटे से छोटा होना पड़ता है।**

आचार्य डॉ.महेश चन्द्र शर्मा में भी ये गुण है। ये विचार हैं राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ.परदेशी राम वर्मा के। डा. वर्मा आचार्य डॉ.महेश चन्द्र शर्मा की आठवीं पुस्तक गागर में सागर की समीक्षा संगोष्ठी में मुख्य अतिथि की आसन्दी से साहित्य प्रेमियों को सम्बोधित कर रहे थे। साहित्य सृजन



परिषद, भिलाई द्वारा आयोजित उक्त संगोष्ठी में प्रसिद्ध कथाकार डॉ.वर्मा ने आगे कहा कि पं.महेश शर्मा ने गागर में सागर की रचना पं.विष्णु शर्मा की पंचतंत्र से प्रेरणा लेकर की ?है। वीणापाणि साहित्य समिति दुर्ग के अध्यक्ष एवं कवि प्रदीप वर्मा ने कार्यक्रम के अध्यक्ष की आसन्दी से कहा कि ये पुस्तक नीतिपरक और मार्गदर्शी ललित निबन्धों से सम्पन्न है। पुराने गहन चिन्तन परक सूत्रों में वर्तमान त्रासदियों को सुलझाने की? क्षमता है। पुस्तक में कोरे उपदेश नहीं, अपितु सात्विक जीवन जीने की कला है। गहन चिंतन परक आलेखों में प्रामाणिक और वैज्ञानिक तथ्यों का सम्प्रेषण है। प्रोफेसर डॉ.नलिनी श्रीवास्तव ने अपने समीक्षात्मक आलेख में बताया कि शब्द शास्त्री डॉ महेश चन्द्र की यह अनमोल कृति है। आचार्य डॉ.शर्मा मूर्धन्य विद्वान और बौद्धिक जगत के सशक्त हस्ताक्षर हैं। अपनी इस अनुपम कृति में उन्होंने 108 निबन्धों में युवाओं का सन्मार्गदर्शन किया है। उनके लिये ये ज्योतिर्मय स्तम्भ है। महाकवि बिहारी से प्रेरणा लेकर कम से कम शब्दों में अधिक से अधिक अर्थ व्यक्त करने में सफल हुये हैं डॉ.शर्मा। बेरला के वरिष्ठ शिक्षाविद डॉ.राजेन्द्र पाटकर स्नेहिल के आलेख में मनीषी रचनाकार डॉ.शर्मा की इस पुस्तक को पाठकों के लिये मार्गदर्शी बताया गया। यह आनन्द, उत्साह और आशा का अक्षय स्रोत भी है। डा.पाटकर के समीक्षात्मक आलेख का वाचन सुशिक्षिका एवं सुकवयित्री शुचि भवि ने किया। कवि त्रिलोकी नाथ कुशवाहा अंजन ने कहा कि किताब वास्तव में एक गोताखोर द्वारा प्राप्त 108 मोतियों की मणिमाला है। लेखकीय सम्बोधन में आचार्य महेश ने पुस्तक लेखन में गुरुजनों के शुभाशीष, परिवार के सहयोग और पाठकों की प्रेरणा आदि मुख्य कारणों का उल्लेख किया।

बसंत पंचमी एवं सरस्वती जयन्ती आदि साहित्यक पर्वों के पुनीत दिवस पर आयोजित इस समारोह का शुभारम्भ देवी सरस्वती की? पूजा-अर्चना से हुआ। आयोजकों द्वारा मुख्य अतिथि, अध्यक्ष एवं लेखक का शाल-पुष्पगुच्छ एवं श्रीफल भेंट कर कर अभिनन्दन किया गया। अन्त में पुस्तक पर चर्चा से प्रभावित पाठकों को उक्त पुस्तक भेंट? की गयी। कार्यक्रम संयोजक एवं परिषद के अध्यक्ष एन.एल.मौर्य प्रीतम नै स्वागत भाषण रखते हुए आयोजन की भूमिका रखी। शुचि भुवि ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। इस साहित्यिक समारोह में कवि एवं मीडिया विद प्रदीप भट्टाचार्य, कवि प्रकाश मण्डल, डॉ.संजय दानी, डॉ.बीना सिंह, ओम् वीर करन एवं डॉ.नीलकण्ठ देवांगन आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। साहित्य सृजन परिषद भिलाई के मीडिया प्रभारी डॉ.नौशाद अहमद सिद्दीकी सब्र ने ये जानकारी दी।

## खास खबर

### कृषि पंप तकनीशियनों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**राजनांदगांव** । भारत सरकार के ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा कृषि पंप तकनीशियनों को ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने, ऊर्जा दक्ष पंपों के चयन संचालन, संधारण व सुरक्षा की जानकारी और नवीनतम तकनीकों से अवगत कराने के उद्देश्य से क्रेडा जिला कार्यालय राजनांदगांव अंतर्गत संभाग स्तरीय कृषि पंप तकनीशियनों का पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने कहा कि कार्यशाला के माध्यम से प्रशिक्षणार्थीयों को उनके सौर कृषि पंप का चयन, संचालन, संधारण कर ऊर्जा एवं जल संरक्षण में अधिक दक्षतापूर्वक किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा का उपयोग करने से न केवल ऊर्जा की बचत होती है, बल्कि पर्यावरण की रक्षा भी होती है। इस प्रकार के प्रशिक्षण से न केवल प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार मिलेगा, बल्कि प्रशिक्षणार्थी दूसरों को भी रोजगार देने में सक्षम बनेंगे। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सौर ऊर्जा के क्षेत्र में संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। क्रेडा जोनल कार्यालय दुर्ग के अधीक्षण अभियंता भानुप्रताप ने संभाग स्तरीय कृषि पंप तकनीशियनों का एक दिवसीय प्रशिक्षण के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कृषि पंपों के चयन बहुत महत्वपूर्ण होता है। ऊर्जा संरक्षण एवं ऊर्जा बचत के लिए स्टार रेटेड कृषि पंपों की सहायता से विद्युत की खपत को कम किया जा सकता है।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

**राजनांदगांव।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखने वाले छत्तीसगढ़ एवं छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अुनसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों से नवीन एवं नवीनीकरण के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया हैं। छत्तीसगढ़ राज्य में अध्ययनरत विद्यार्थी 14 मार्च 2024 तक तथा छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर अध्ययनरत विद्यार्थी 26 मार्च 2024 तक पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए नवीन एवं नवीनीकरण हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक की अंतिम तिथि 28 मार्च 2024, सैंक्शन ऑर्डर लॉक करने की अंतिम तिथि 30 मार्च 2024 तथा डिसबुरस करने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2024 है।

### रोजगार कार्यालय में जॉब फेयर 19 को

**रायपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, द्वारा स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 19 फरवरी को रोजगार कार्यालय, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जॉब फेयर आयोजित किया जाएगा। जॉब फेयर के माध्यम से निजी क्षेत्र के नियोजक क्रेडिट एक्सेस लिमिटेड, सारडा एनर्जी एण्ड मिनरल्स लिमिटेड एवं शुभ मल्टीस्पेशियालिटी हास्पिटल, रायपुर द्वारा ट्रेनी केन्द्र मैनेजर, मोल्ड ऑपरेटर, क्रेन ऑपरेटर, इलेक्ट्रिशियन, पर्चेस ऑफिसर, नर्सिंग स्टॉफ, फार्मासिस्ट, ड्रेस एवं ओ0टी0 टेक्निशियन आदि के 70 से अधिक पदों पर 12वीं से स्नातकोत्तर एवं बी.एस.सी. नर्सिंग तथा आई0टी0आई0/ डिप्लोमा आदि उत्तीर्ण योग्य आवेदकों की भर्ती 10 हजार से 45 हजार रूपये प्रतिमाह के वेतनमान पर की जाएगी।

# सभी नगरीय निकाय में लगेगी अटल की प्रतिमा, घर-घर शुद्ध जल पहुंचाने का काम होगा तेज : अरुण साव




**रायपुर** । छत्तीसगढ़ विधानसभा में उप मुख्यमंत्री अरूण साव के विभागों के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु 14,380 करोड़ 52 लाख 32 हजार रूपए की अनुदान मांगे सर्वसम्मति से पारित की गई। इसमें लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के लिए 2,677 करोड़ 50 लाख 85 हजार रूपए, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग-नगरीय निकाय के लिए 44 करोड़ 04 लाख 60 हजार रूपए, लोक निर्माण कार्य-सड़कें और पुल के लिए 3,471 करोड़ 38 लाख 96 हजार रूपए, न्याय प्रशासन एवं निर्वाचन के लिए 925 करोड़ 61 लाख 57 हजार रूपए, लोक निर्माण कार्य-भवन के लिए 1,844 करोड़ 41 लाख 91 हजार रूपए, नगरीय प्रशासन एवं नगरीय विकास-नगरीय कल्याण के लिए 2,096 करोड़ 69 लाख 52 हजार रूपए, लोक निर्माण विभाग से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजना के लिए 575 करोड़ 62 लाख 32 हजार रूपए और नगरीय निकायों को वित्तीय सहायता हेतु 2,745 करोड़ 23 लाख 94 हजार रूपए शामिल हैं।

अनुदान मांगों की चर्चा में 23 सदस्यों ने भाग लिया और बजट प्रावधान की प्रशंसा की व सुझाव दिए। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने अनुदान मांगों की चर्चा के दौरान छत्तीसगढ़ निर्माता, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी के यादों को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में अटल चौक बनाने की घोषणा की। उन्होंने सदस्यों की मांग एवं सुझावों को भी गंभीरता लेने की बात कही।

#### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग

उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने अपने विभागों की अनुदान मांगों की चर्चा पर जवाब देते हुए कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री की गारंटी का मतलब है कि ''गारंटी पर भी गारंटी है'' उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार मोदी जी की इन गारंटियों को पूरा करने का काम कर रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में भी मोदी जी की गारंटियों को पूरा करने का प्रावधान रखा गया है।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अनुदान मांगों पर चर्चा करते हुए कहा कि ''जल है तो कल है'' जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी घर-घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है और प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए हमारी सरकार घर-घर 55 लीटर शुद्ध पेयजल पहुंचाने का काम कर रही है।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने अपने बजट भाषण में कहा कि राज्य सरकार द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत सिंगल विलेज एवं रेट्रोफिटिंग की कुल 29 हजार 181 योजनाएं के लिए 22,442 हजार करोड़ 12 लाख 21 हजार रूपए की स्वीकृति की गई है। अब तक 38 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों से अधिक नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं। योजना के माध्यम से 49 लाख 99 हजार ग्रामीण परिवारों को लाभान्वित किया जाना है। उन्होंने कहा कि प्रस्तुत बजट में ग्रामीण जल योजनाओं के लिए 6 करोड़ का प्रावधान किया गया है। वहीं नाबार्ड पोषित सौर आधारित ग्रामीण जल प्रदाय योजना के लिए 4 करोड़ 50 लाख रूपए का प्रावधान किया गया है। इस वर्ष जल जीवन मिशन के अंतर्गत 29 लाख 7 हजार घरेलू नल कनेक्शन का प्रावधान किया गया है।

इसके लिए राज्यांश के रूप में 4 हजार 500 करोड़ रूपए का बजट प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि समूह जल प्रदाय योजना के माध्यम से 15 समूह जल प्रदाय योजनाओं से 365 ग्रामों के ग्रामीण परिवार लाभान्वित हो रहे हैं, इसके लिए बजट में 15 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि नगरीय योजनाओं हेतु 36 करोड़ 39 लाख अनुदान एवं 26 करोड़ 50 लाख रूपए का ऋण का प्रावधान किया गया है। साथ ही मेकाहारा अस्पताल में आम जनता को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए भी प्रावधान रखा गया है।

#### नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग

उप मुख्यमंत्री साव ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अनुदान मांगों के भाषण में कहा कि हमारी सरकार सभी नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 6,044 करोड़ 7 लाख रूपए का प्रावधान राज्य की नगरीय निकायों को सहायता उपलब्ध कराने के लिए किया है। इस राशि में प्रमुख रूप से राज्य के नगरीय निकायों को चुंगी क्षतिपूर्ति खत्म करने के लिए उन्हें आर्थिक सहायता के रूप में 1215 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। श्री साव ने कहा कि नगरीय निकायों के बुनियादी सुविधाओं एवं अन्य अधोसंरचना विकास हेतु 700 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। शहरी आवासहीन, गरीब परिवार एवं अल्प आय वर्ग परिवारों को पक्का आवास प्रदान करने की दिशा में काम कर रही है। सबके लिए आवास मिशन अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 01 हजार 01 करोड़ 57 लाख रूपए का बजट प्रावधान किया गया है। अमृत मिशन-दो एवं पेयजल आवर्धन योजनाएं के लिए 795 करोड़ 67 लाख रूपए का प्रावधान रखा गया है। स्मार्ट सिटी मिशन अंतर्गत रायपुर एवं बिलासपुर के विकास के लिए 404 करोड़ रूपए का प्रावधान रखा गया है। स्वच्छ भारत मिशन के लिए 411 करोड़ 12 लाख रूपए का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि रायपुर के नालंदा परिसर की तर्ज पर लाईब्रेरी सह रीडिंग निर्माण के लिए प्रदेश के 22 नगरीय निकायों में सर्वसुविधायुक्त सेंट्रल लाईब्रेरी का निर्माण किया जाएगा, इसके लिए 148 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। हमारी सरकार ने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और ई-गर्वेनेंस योजना के लिए भी विशेष बजट प्रावधान रखा है।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि शहरी क्षेत्र में निवासरत नागरिकों को उनके चौखट पर ही स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना और मुख्यमंत्री दाई-दीदी क्लिनिक के तहत लाखों मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। इसके लिए 300 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

#### लोक निर्माण विभाग

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने लोक निर्माण विभाग की अनुदान मांगों की चर्चा में कहा कि प्रदेश की सड़कों पर यातायात का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है ,जिसके कारण महत्वपूर्ण सड़कों की चौड़ाई बढ़ाना, विद्यमान मार्गों का सुदृढ़ीकरण करना एवं जीर्ण-शीर्ण व संकीर्ण पुलों की चौड़ाई बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। इसके लिए यातायात घनत्व को देखते हुए शहरों के बाहर रिंग रोड़ बनाने, शहर में यातायात सुगम करने हेतु फ्लाई ओवर, रेल्वे ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए विशेष रूप से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024-25 में लोक निर्माण विभाग का कुल बजट 8016 करोड़ 84 लाख 34 हजार रूपए प्रावधानित है। जिसमें नये कार्यों के लिए 1275 करोड़ 52 लाख 89 हजार रूपए का प्रावधान किया गया है। सड़कों की मरम्मत के लिए 396 करोड़ 98 लाख 96 हजार रूपए का प्रावधान किया गया है। उन्होंने चर्चा के जवाब में बताया कि हमारी सरकार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में आवागमन सुविधा को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर काम कर रही है। इसी कड़ी में सड़कों की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ में इंडियन रोड कांग्रेस का सम्मेलन कराने का निर्णय लिया है।

# निर्माण एजेंसी स्थल निरीक्षण के बाद ही नये विकास कार्यों का बनाएं इस्टीमेट - कलेक्टर




**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में निर्माण एजेंसियों की बैठक लेकर जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर अग्रवाल ने विभिन्न विभागों द्वारा कराए जा रहे निर्माणाधीन कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्त होने वाला है। सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय-सीमा के भीतर पूर्ण करें।

उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य के लिए यह समय अनुकूल है, इसलिए निर्माण कार्य में तेजी लाए। उन्होंने स्वीकृत नये विकास कार्यों को शीघ्र शुरू करने के निर्देश निर्माण एजेंसियों को दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण एजेंसी द्वारा निर्माण कार्यों में कोई परेशानी आती है, उसकी जानकारी साझा करें। जिससे संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों और जिला प्रशासन के माध्यम से दूर किया जाएगा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि नये विकास कार्यों का स्टीमेट बनाने के पहले अधिकारी स्वयं स्थल का निरीक्षण जरूर करें, जिससे सही तरीके से स्टीमेट बनेगा। उन्होंने कहा कि निर्माण एजेंसियों के अधिकारी नियमित फिल्ड में जाकर विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करें, जिससे निर्माणाधीन कार्यों में तेजी आएगी और गुणवत्ता बनी रहेगी। उन्होंने छोटे एवं पुराने विकास कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिससे जनसामान्य को इसका लाभ शीघ्र मिल सके। उन्होंने कहा कि जिस कार्य के लिए राशि स्वीकृत हुई है, उसी कार्य में उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्य प्रारंभ की तिथि और कार्य पूर्णता की संभावित तिथि की जानकारी जिला कार्यालय को देने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने सांसद एवं विधायक निधि के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देशित करते हुए कहा कि सांसद एवं विधायक निधि से स्वीकृत निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ निर्धारित समयावधि में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्माण कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर अग्रवाल ने लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विस कॉर्पोरेशन, सेतु निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सहित अन्य विभागों के निर्माण कार्यों की समीक्षा कर गुणवत्तापूर्ण समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में आयुक्त नगर निगम अभिषेक गुप्ता सहित निर्माण से संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# विधायक ने बच्चे को विटामिन ए की दवा पिला कर किया शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ

संवाददाता।

**महासमुंद।** शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नयापारा महासमुंद में जिला स्तरीय शिशु संरक्षण माह फरवरी-मार्च 2024 का शुभारंभ विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा बच्चे को विटामिन ए की दवा पिला कर किया गया। शिशु संरक्षण माह शुभारंभ कार्यक्रम में अध्यक्ष नगर पालिका महासमुन्द श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ,संदीप दीवान सांसद प्रतिनिधि, माध्वी सिक्का पार्षद, महेन्द्र सिक्का पूर्व पार्षद, हाफिज कुरैशी पार्षद द्वारा शुभारंभ की बेला में बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाई गई। उल्लेखनीय है कि शिशु संरक्षण माह 16 फरवरी 2024 से 22 मार्च 2024 तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें विटामिन ए की खुराक 09 माह से 05 वर्ष तक के सभी हितग्राही बच्चों को पिलाया जावेगा। नियमित टीकाकरण अंतर्गत सभी पात्र बच्चे एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जावेगा। आयरन फोलिक एसिड सिरप 06 माह से 05 वर्ष तक के सभी हितग्राही बच्चों को दिया जावेगा। ए.एन.सी. चेकअप सभी गर्भवती महिलाओं का किया जावेगा। उक्त जिला स्तरीय शिशु संरक्षण माह शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी. कुदेशिया, जिला टीकाकरण अधिकारी, डॉ. अरविन्द गुप्ता, मुख्य नगरपालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे, जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीलू घृतलहरे, आरएम एनसीएचए सलाहकार अनुपम शर्मा, राज्य प्रतिनिधि न्यूट्रिशन इंटरनेशनल अल्का द्विवेदी, व्ही.सी.सी.एम.बेदराम साहू सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं बच्चों के पालकगण उपस्थिति थे।

# प्रधानमंत्री जनमन योजना से बैगा परिवारों का पक्का मकान का सपना ले रहा आकार



**कवर्धा।** भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा परिवारों को विकास के मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए शुरू की गई प्रधानमंत्री जनमन योजना का क्रियान्वयन शुरू हो गया है।

प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत जिले के विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति बाहुल बोडला और पंडरिया विकासखण्ड में निवासरत 3554 बैगा परिवारों के लिए पक्का मकान की स्वीकृति दी गई है, जिसमें से 2996 आवास निर्माण के लिए प्रथम किस्त 40-40 हजार रूपए संबंधित हितग्राहियों के खाते में जारी कर दिए है। इस तरह प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए कुल 11 करोड़ 98 लाख 40 हजार रूपए प्रथम किस्त जारी की गई है।

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने जिले के बोड़ला और पंडरिया विकासखण्ड के ग्राम दमगड़ और ग्राम पोलमी में पीएम जनमन योजना के तहत तैयार रहे रहे जिले के पहला प्रधानमंत्री आवास योजना का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री महोबे और जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप अग्रवाल ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत कबीरधाम जिले में पक्का मकान बनाने वाले अंतराम बैगा को श्रीफल भेंट कर सम्मानि किया। अंतराम बैगा विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति परिवार से है। वह ऐसे पहले हितग्राही है, जिन्होंने पक्का आवास बनाने का काम शुरू कर दिया है। उन्हांने बताया कि पक्का मकान बनाने के लिए दस कॉलम खड़े कर लिए है।

कलेक्टर महोबे ने बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत कबीरधाम जिले के बोड़ला और पंडरिया विकासखण्ड में निवासरत विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति के कुल तीन हजार 554 हिग्राहियों के लिए आवास की स्वीकृति दी गई है। स्वीकृत हितग्राहियों में बोड़ला विकासखण्ड में 2081 आवास स्वीकृत हुए है, जिसमें से 1699 आवास के लिए प्रथम किस्त 40-40 हजार रूपए जारी कर दिए गए है। इसी प्रकार पंडरिया विकासखण्ड में निवासरत विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति परिवार के लिए 1474 आवास की स्वीकृति दी गई है, जिसमें से 1297 आवास निर्माण के लिए 40-40 हजार रूपए प्रथम किस्त जारी किए गए है।

कलेक्टर महोबे ने हितगाहियों से चर्चा करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के क्रियान्वयन के लिए जिले और ब्लाक स्तर पर प्रत्येक ग्रामों के लिए एक-एक अधिकारियों को विशेष दायित्व दिए गए है।

यह आवास आपके नाम से जारी हुए है, इस लिए किसी अन्य व्यक्ति के उपर आश्रित होने की जरूरत नही है। उन्होने बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत स्वीकृत आवास निर्माण के लिए राशि कुल चार किस्तों में जारी की जाएगी। पहला किस्त आवास शुरू करने के लिए 40 हजार रूपए, दूसरा कुर्सी स्तर पर होने पर 60 हजार रूपए, तीसरा किस्त आवास की ढलाई पर 80 हजार रूपए, और आवास पूरा होने पर 20 हजार रूपए कुल इस प्रकार एक आवास के लिए 2लाख रूपए इस योजना के तहत मिलेगे। इसके अलावा 95 दिनों का महात्मागांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत मजदूरी का भूगतान किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि कबीरधाम जिले में बोडला और पंडरिया विकासखण्ड के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा बाहूल गावों में प्रधानमंत्री जनमन योजना का क्रियान्वन शुरू हो गया है। इस योजना से विशेष पिछड़ी बैगा जनजातीय गावों की तकदीर और तस्वीर जल्द ही बदलेगी। विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा ग्राम पंचायत और उनके आश्रिम गांवों तथा पारा-टोले में बुनियादी सुविधाएं बिजली,पानी, सड़क, षिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री जनमन योजना का प्रारंभ किया गया है।

# कलेक्टर ने राजिम कुंभ कल्प मेला के तैयारियों का किया अवलोकन



**गरियाबंद** । जिले के पवित्र धार्मिक नगरी राजिम के त्रिवेणी संगम में प्रतिवर्ष लगने वाले राजिम कुंभ कल्प मेला का आयोजन इस वर्ष 24 फरवरी से 08 मार्च तक किया जाएगा। इसके लिए मेला स्थल पर तैयारी तीव्र गति से शुरू हो गई है। मेला के सुव्यवस्थित आयोजन के लिए पर्यटन विभाग के प्रबंध संचालक जितेन्द्र शुक्ला एवं कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज मेला स्थल पहुंचकर जिला स्तरीय नियुक्त नोडल/प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक लेकर मेला संबंधी प्रगतिरत अद्यतन कार्यों के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

संपादकीय

## कांग्रेस का संकट : बड़े नेता पार्टी क्यों छोड़ रहे हैं?

सियासत के मैदान में एक बार फि र राम का नाम आया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस नहीं चाहती थी राम मंदिर बने लेकिन मंदिर बनकर तैयार है, लाखों भक्त रोज रामलला के दर्शन कर रहे हैं, अब हालात ये हैं कि राम के अस्तित्व को नकारने वाले भी राम राम जप रहे हैं लेकिन राहुल गांधी ने राम मंदिर के बारे में बिल्कुल दूसरी तरह की बात की। राहुल ने कहा कि गरीब, दलित, आदिवासी, पिछड़े, हर जगह 'जय श्रीराम, जय श्रीराम' चिल्लाते रहते हैं, क्या नारा लगाने से रोजगार मिलेगा? क्या नारा लगाने से रोटी मिलेगी? राहुल ने कहा कि लोगों ने अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा का समारोह देखा था, वहां बड़े बड़े लोग थे, कोई गरीब नहीं था। मोदी के रामराज में गरीबों के लिए कोई जगह नहीं है। राहुल गांधी के इस बयान को बीजेपी ने बड़ा इश्यू बना दिया क्योंकि राहुल गांधी ने इसी तरह की बात इससे पहले कोरबा में भी कही थी। प्रधानमंत्री मोदी ने भी कहा कि कांग्रेस की इतनी दयनीय हालत इससे पहले कभी नहीं थी, अब सहयोगी दलों को तो छोड़िए कांग्रेस के अपने नेता भी पार्टी छोड़ छोड़कर जा रहे हैं। मोदी की इस बात पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मुहर लगा दी। खरगे ने महाराष्ट्र में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से कहा कि बड़ी मुसीबत है, क्या कहें, समझ में नहीं आता, पार्टी ने जिनको सबकुछ दिया, वो भी ऐन मौके पर धोखा दे रहे हैं, पार्टी छोड़ रहे हैं। इस पर अशोक चव्हाण ने बता दिया कि उन्होंने कांग्रेस क्यों छोड़ी। अशोक चव्हाण ने कहा कि वो कभी पार्टी की कृपा से राजनीति में आगे नहीं बढ़े, जनता ने उन्हें चुनकर भेजा। चव्हाण ने कहा कि दिक्कत ये है कि कांग्रेस ने जमीन पर काम करने वाले कार्यकर्ता बचे नहीं हैं, जो बचे हैं, उनकी सुनने वाला कोई नहीं हैं, महाराष्ट्र के कई जिलों में कांग्रेस के चुनाव लड़ने वाले नेता नहीं हैं, टिकट मांगने वाला कोई नहीं हैं।



## महान राष्ट्र की पहचान

परिश्रम और बलिदान।
महान राष्ट्र की पहचान,
युवा उठो जागो
अपने स्वयं को पहचानो,
श्रम शक्ति और लगन,
देश के विकास के लिए
तुम्हें पैदा करनी है अगन।
भारत है युवाओं का देश
अनेक है यहां परिवेश,
हमें आत्मनिर्भर है होना
विकास के योगदानों को
हमें नहीं है किसी तरह है खोना,
सुई से लेकर जहाज तक,
आलू से लेकर चावल दाल तक
हमें उत्पादन है बहुत बढ़ाना,
उठो वीर देश के नौजवानों
सीमा पर अपना सीना तानों,
युवा कंधों पर है तुम्हारे भार
समृद्धि और विकास की
वृद्धि करनी है आर-पार,
देश में हुए राणा प्रताप,शिवाजी सुभाष, नेहरू और महात्मा गांधी,
तुम्हें ही अपने कामों से बनना है
देश के लिए विकास की बड़ी आंधी,
नव जवानों उठो बढ़ो आगे
तुम्हें देश को ले जाना है
विश्व भर में आगे बहुत आगे,
अपनी शक्ति को पहचानो
भली-भांति उर्जा को जानो,
अपने दम पर सब कर सकते हो
अपने आप को सर्वोत्तम मानो,
उठो युवा वीर हो बलिदानी हो
अपने को तुम श्रेष्ठ ही जानो।

– संजीव ठाकुर




# रामकृष्ण परमहंस ब्रह्मर्षि, देवर्षि एवं त्रिकालदर्शी थे



ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार





**अंगुलियों पर गिने जाने योग्य कुछ महान् व्यक्तियों को समय-समय पर भारत की रत्नगर्भा वसुंधरा ने पैदा किया, जिनकी आध्यात्मिक चेतना एवं सिद्धियों से समूची दुनिया चमत्कृत होती रही है। जो युग के साथ बहे नहीं, युग को अपने बहाव के साथ ले चले। ऐसे लोग सच्चे जीवन के धनी और जीवन-चैतन्य से ओतप्रोत है। वे स्वयं आगे बढें, जन-जन को बढ़ाते चलें। ऐसे महापुरुषों-युगपुरुषों-युगांतरकारी सिद्धपुरुषों का जीवन साधनामय होता है और जन-जन को वे साधना की पगडंडी पर ले जाते हैं, प्रकाश स्तंभ की तरह उन्हें जीवन पथ का निर्देशन देते हैं एवं प्रेरणास्रोत बनते हैं। जिन्होंने अपने व्यक्तित्व और कर्तृत्व से न सिर्फ स्वयं को प्रतिष्ठित किया वरन् उनके अवतरण से समग्र विश्व मानवता धन्य हुई है। इसी संतपुरुषों, गुरुओं एवं महामनीषियों की श्रृंखला में एक महापुरुष हैं रामकृष्ण परमहंस।**

स्वामी रामकृष्ण परमहंस एक महान संत, उच्चकोटि के साधक, विचारक, समाज सुधारक एवं सिद्धपुरुष थे। वे स्वयं भगवान नहीं थे, लेकिन भगवान से कम भी नहीं थे। उनका जन्म फाल्गुन शुक्ल की द्वितीया तिथि यानी 18 फरवरी 1836 को बंगाल प्रांत के कामारपुकुर गांव में हुआ था। जन्म के पहले ही उनके माता-पिता को कुछ अलौकिक लक्षणों का अनुभव होने लगा था, जिसके अनुसार वे यह समझ गए थे कि कुछ शुभ होने वाला हैं। इनके पिता ने सपने में भगवान विष्णु को अपने घर में जन्म लेते हुए देखा तथा माता को शिव मंदिर में ऐसा प्रतीत हुआ कि एक तीव्र प्रकाश इनके गर्भ में प्रवेश कर रहा हैं। इस साल 2024 में उनकी 189वीं जयंती व्यापक स्तर पर मनायी जा रही है। स्वामी रामकृष्ण परमहंस ने सभी धर्मो को एक बताते हुए उनकी एकता पर जोर दिया था। उनका मानना था कि सभी धर्मों का आधार प्रेम है। उन्हें बचपन से ही विश्वास था कि ईश्वर के दर्शन हो सकते हैं। ईश्वर की प्राप्ति के लिए उन्होंने कठोर साधना और भक्ति की। अपनी साधना से रामकृष्ण इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि संसार के सभी धर्म सच्चे हैं और उनमें कोई भिन्नता नहीं है। वे ईश्वर तक पहुंचने के भिन्न-भिन्न साधन मात्र हैं। भारत का जन-जन रामकृष्ण परमहंस की परमहंसी साधना का साक्षी है, उनकी गहन तपस्या के परमाणुओं से अभिषिक्त है यहां की माटी और धन्य है यहां की हवाएं जो इस भक्ति और साधना के शिखरपुरुष के योग से आप्लावित है। संसार के पूर्णत्व को जो प्राप्त हैं, उन इने-गिने व्यक्तियों में वे एक थे। उनका जीवन ज्ञानयोग, कर्मयोग एवं भक्तियोग का समन्वय था।

यो तो रामकृष्ण के जीवन में अनेक गुरु आये पर अन्तिम गुरुओं का उनके जीवन पर बहुत प्रभाव पड़ा। जिनमें एक थी भैरवी जिन्होंने उन्हें अपने कापालिक तंत्र की साधना करायी और दूसरे थे श्री तोतापुरी उनके अन्तिम गुरु। गुरु तोतापुरी सिद्ध तांत्रिक तथा हठ योगी थे। उन्होने रामकृष्ण को परमशिव के निराकार रूप के साथ पूर्ण संयोग की दीक्षा दी। पर आजीवन तो उन्होने मां काली की ही आराधना की थी। वे जब भी ध्यान करते तो मां काली उनके ध्यान में आ जाती और वे भावविभोर हो जाते। मां से सीधा उनका साक्षात्कार एवं संवाद होता था। गंगा के तट पर दक्षिणेश्वर के प्रसिद्व मंदिर में रहकर रामकृष्ण मां काली की पूजा किया करते थे।

रामकृष्ण परमहंस के पास जो कोई भी जाता वह उनकी सरलता, निश्चलता, भोलेपन और त्याग से इतना अभिभूत हो जाता कि अपना सारा पांडित्य भूलकर उनके पैरों पर गिर पड़ता था। गहन से गहन दार्शनिक सवालों के जवाब भी वे अपनी सरल भाषा में इस तरह देते कि सुनने वाला तत्काल ही उनका मुरीद हो जाता। इसलिए दुनियाभर की तमाम आधुनिक विद्या, विज्ञान और दर्शनशास्त्र पढ़े महान लोग भी जब दक्षिणेश्वर के इस निरक्षर परमहंस के पास आते तो अपनी सारी विद्वता भूलकर उन्हें अपना गुरु मान लेते थे। उनके शिष्यों की भी लम्बी श्रृंखला है, जिनमें स्वामी विवेकानन्द, दुर्गाचरण नाग, स्वामी अद्भुतानंद, स्वामी ब्रह्मानंदन, स्वामी अद्यतानन्द, स्वामी शिवानन्द, स्वामी प्रेमानन्द, स्वामी योगानन्द थे। ईश्वरचंद्र विद्यासागर, विजयकृष्ण गोस्वामी, केशवचन्द्र सेन जैसे बंगाल के शीर्ष विचारक उनसे प्रेरणा प्राप्त करते थे। उन्होंने खुद एवं अपने शिष्यों के माध्यम से सारा जीवन निःस्वार्थ मानव सेवा के लिये व्यतीत किया, इनके विचारों का न केवल बंगाल के बल्कि सम्पूर्ण राष्ट्र के बुद्धिजीवियों पर गहरा सकारात्मक असर पड़ा तथा वे सभी इन्हीं की राह पर चल पड़े।

रामकृष्ण परमहंस ने भाग्य की रेखाएं स्वयं निर्मित करने की जागृत प्रेरणा दी। स्वयं की अनन्त शक्तियों पर भरोसा और आस्था जागृत की। अध्यात्म और संस्कृति के वे प्रतीकपुरुष हैं। जिन्होंने एक नया जीवन-दर्शन दिया, जीने की कला सिखलाई। इन्होंने सभी धर्मों और जातियों की एकता तथा समानता हेतु जीवनभर कार्य किया, परिणामस्वरूप इन्हें राम-कृष्ण नाम सर्व साधारण द्वारा दिया गया एवं इनके उदार विचार एवं व्यापक सोच के प्रति सभी समभाव रखते थे इसी कारण उन्हें परमहंस की उपाधि प्राप्त हुई। इन्होंने मुस्लिम तथा ईसाई धर्म की भी साधनाएँ की और सभी में एक ही ईश्वर को देखा। परमहंस के भोले प्रयोगवाद में वेदांत, इस्लाम और ईसाइयत सब एक रूप हो गए थे। निरक्षर और पागल तक कहे जाने वाले रामकृष्ण परमहंस ने अपने जीवन से दिखाया था कि धर्म किसी मंदिर, गिरजाघर, विचारधारा, ग्रंथ या पंथ का बंधक नहीं है।

श्री रामकृष्ण परमहंस की भक्ति एवं साधना ने हजारों-लाखों को भक्ति-साधना के मार्ग पर अग्रसर किया। उनके जादुई हाथों के स्पर्श ने न जाने कितने व्यक्तियों में नयी चेतना का संचार हुआ, उन जैसे आत्मद्रष्टा ऋषि के उपदेशों का अचिन्त्य प्रभाव असंख्य व्यक्तियों के जीवन पर पड़ा। उनके प्रेरक जीवन ने अनेकों की दिशा का रूपान्तरण किया। उनकी पावन सन्निधि भक्ति, साधना एवं परोपकार की नयी किरणें बिखेरती रही अतः वे साधक ही नहीं, साधकों के महानायक थे। वे ब्रह्मर्षि और देवर्षि थे- साधना-भक्ति के नये-नये प्रयोगों का आविष्कार किया इसलिये ब्रह्मर्षि और ज्ञान का प्रकाश बांटते रहे इसलिये देवर्षि। माँ काली की कृपा से वे त्रिकालदर्शी महापुरुष बन गए थे।

स्वामी विवेकानंद उनके प्रमुख शिष्य थे, उनके विचारों तथा भावनाओं का स्वामीजी ने सम्पूर्ण विश्व में प्रचार किया तथा हिन्दू सभ्यता तथा संस्कृति की अतुलनीय परम्परा को प्रस्तुत किया। स्वामीजी ने परमहंस जी के मृत्यु के पश्चात रामकृष्ण मिशन की स्थापना की, जो सम्पूर्ण विश्व में समाज सेवा, शिक्षा, योग, हिन्दू दर्शन पर आधारित कार्यों में संलग्न रहती हैं तथा प्रचार करती हैं, इनका मुख्यालय बेलूर, पश्चिम बंगाल में हैं। रामकृष्ण परमहंस, ठाकुर नाम से जाने जाने लगे थे, बंगाली में ठाकुर शब्द का अभिप्राय ईश्वर होता हैं, सभी उन्हें इसी नाम से पुकारने लगे थे। उन्होंने स्वयं ही प्रेरक जीवन नहीं जीया, लोकजीवन को ऊंचा उठाने का जो हिमालयी प्रयत्न किया है, वह भी अद्भुत एवं विस्मयकारी है। ऐसे दिव्य संतपुरुष की नया भारत-सशक्त भारत में महत्वपूर्ण भूमिका है। उनके जन्म दिवस श्रद्धासुमन समर्पित है।

**यह निजी विचार है।**

# विश्व का एक अनूठा त्यौहार है मर्यादा महोत्सव

हरिशंकर व्यास

**भारत सरकार ने लोकसभा चुनाव से पहले अपने 10 साल के राज की कामयाबियों के बारे में बताने के साथ साथ उससे 10 साल पहले के कांग्रेस राज की कमियां बताई हैं। सोचें, 10 साल पहले जिन मुद्दों पर भाजपा ने चुनाव लड़ा था, जिन मुद्दों को नरेंद्र मोदी ने अपने प्रचार की थीम में रखा था, जिन मुद्दों को लेकर नारे गढ़े थे और पूरे देश में होर्डिंग्स-पोस्टर लगे थे उन्हीं मुद्दों पर फिर से चुनाव लडने् की तैयारी है। सरकार को पता था कि जब वह मनमोहन सिंह की सरकार के 10 साल यानी 2004 से 2014 के राजकाज पर श्वेत पत्र लाएगी तो यह सवाल उठेगा कि अभी इसकी क्या जरुरत है इसलिए श्वेत पत्र में बताया गया है कि 2014 में चुनाव जीतने के बाद श्वेत पत्र इसलिए नहीं लाया गया क्योंकि उससे लोगों का मनोबल टूटता और विदेशी निवेशकों में नकारात्मक मैसेज जाता।सोचें, कितना लचर तर्क है। क्या विदेशी निवेशक सरकारी आंकड़ों पर निर्भर रहते हैं? उनके पास वर्ल्ड बैंक से लेकर आईएमएफ जैसी संस्थाओं के अलावा एसएंडपी, फिच, पीडब्लुसी, मेरिल लिंच जैसी दुनिया की प्रतिष्ठित संस्थाएं हैं, जो रियल टाइम वास्तविक डाटा उपलब्ध कराती हैं और विदेशी निवेशक उसके आधार पर फैसला करते हैं।जहां तक लोगों के मनोबल का सवाल है तो इंडिया अगेंस्ट करप्शन यानी अन्ना हजारे और अरविंद केजरीवाल ने मिल कर भ्रष्टाचार का ऐसा हल्ला बनवाया था कि उसके बारे मे जानने के लिए किसी को श्वेत पत्र की जरुरत ही नहीं थी।**



बाद में भाजपा ने अपने प्रचार से इसे और बड़ा मुद्दा बना दिया। सरकार को पता है कि भाजपा इस मुद्दे को 10 साल पहले भुना चुकी है। इसलिए उस समय श्वेत पत्र लाने का कोई मतलब नहीं था। लोगों को सब कुछ पता था। उलटे थोड़े दिन के बाद इन सबकी हकीकत भी खुल गई, जब संचार घोटाले के आरोपी बरी हो गए, कोयला घोटाले में किसी नेता को सजा नहीं हुई, मनमोहन सिंह पर कोई आंच नहीं आई और महंगाई वैसी ही रही, जैसे पहले थी या उससे बढ़ गई।अब 10 साल बाद श्वेत पत्र लाकर उस समय की यादों को ताजा बनाया जा रहा है। लेकिन यह काठ की हांडी को दोबारा चुल्हे पर चढ़ाने की तरह है, जिसका कोई तर्क अभी समझ में नहीं आता है। जब रामजी आ गए हैं, उनकी प्राण प्रतिष्ठा हो गई है, काशी कॉरिडोर बन गया है, महाकाल लोक का उद्घाटन हो गया है, मां कामख्या और मां विंध्यवासिनी कॉरिडोर बन रहा है, समान नागरिक संहिता लागू होनी शुरू हो गई है, अनुच्छेद 370 हटा दिया गया है, तीन तलाक के खिलाफकानून बन गया है और केंद्रीय मंत्री खम ठोंक कर कह रहे हैं कि नागरिकता संशोधन कानून यानी सीएए चुनाव से पहले लागू होने जा रहा है तो फिर ऐसे श्वेत पत्र का क्या मतलब है, जिसकी बारीकी में जाने पर खुद सरकार की पोल खुलती है?सरकार दावा कर रही है कि मनमोहन सिंह की सरकार के समय महंगाई की दर बहुत ऊंची थी। इसमें कोई संदेह नहीं है कि महंगाई दर ऊंची थी लेकिन उसी अनुपात में जीडीपी की दर भी ऊंची थी। और दूसरा कारण यह था कि 2004 से 2014 के बीच आमतौर पर कच्चे तेल की कीमत बहुत ऊंची थी। एक समय तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 110 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थी। जो कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के थोड़े समय के बाद ही गिर कर 40 डॉलर प्रति बैरल तक आ गई थी। तभी मोदी ने खुद को नसीब वाला प्रधानमंत्री बताया था। आज भी कच्चे तेल की कीमत 75 डॉलर प्रति बैरल है लेकिन भारत में पेट्रोल एक सौ रुपए लीटर या उससे ऊंची कीमत पर बिक रहा है, जो मनमोहन सिंह के समय 70 रुपए लीटर के आसपास रहता था। इसी अनुपात में डीजल और रसोई गैस के सिलिंडर के दाम भी बढ़े हैं। जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल सस्ता हो रहा था तो जनता को उसका लाभ देने की बजाय मोदी सरकार ने उत्पाद शुल्क बढ़ा कर उसके दाम बढाए। ईंधन की महंगाई का नतीजा यह हुआ है कि हर चीज की महंगाई बढ़ी है। सिर्फ इंफ्लेशन नहीं, बल्कि स्रिंकफ्लेशन से लोग जूझ रहे हैं। वस्तुओं की कीमत बढ़ रही है और पैकिंग का आकार छोटा होता जा रहा है। सोचें, जिस चीज को लोग भुगत रहे हैं, जिससे लोगों का रोज सामना हो रहा है उस पर सरकार की ओर से जारी आंकड़ों का वे क्या करेंगे?श्वेत पत्र में मैक्रो इकोनॉमिक्स पर जोर दिया गया है और कहा गया है कि यूपीए सरकार के समय अर्थव्यवस्था की बड़ी तस्वीर बहुत खराब थी। हालांकि इस बात की पुष्टि के लिए आंकड़े नहीं दिए गए हैं। यहां तक कि जीडीपी की वृद्धि दर के आंकड़े भी नहीं दिए गए हैं। लेकिन मैक्रो इकोनॉमिक्स की तस्वीर बताने वाले तीन चार आंकड़ों पर नजर डालें तो तस्वीर अलग ही दिखेगी। सबसे पहले जीडीपी देखें तो मनमोहन सिंह की सरकार के समय 10 साल का रियल जीडीपी का औसत 6.80 फीसदी का था, जबकि नरेंद्र मोदी के 10 साल का रियल जीडीपी का औसत 5.9 फीसदी है। यानी मनमोहन सिंह के समय रियल जीडीपी करीब एक फीसदी ज्यादा रफ्तार से बढ़ी थी। दूसरा आंकड़ा वित्तीय घाटे का है। मनमोहन सिंह के समय 10 साल का वित्तीय घाटा औसतन 4.7 फीसदी था, जो मोदी सरकार के 10 साल में 5.1 फ ीसदी रहा। यानी लगभग आधा फ ीसदी ज्यादा। सोचें, पहले के मुकाबले नॉमिनल और रियल दोनों जीडीपी की रफ्तार कम रही और वित्तीय घाटा ज्यादा रहा तो वित्तीय अनुशासन और तेज विकास का दावा क्या बेतुका नहीं?

**यह निजी विचार है।**

## सीधे सरल, सहज नेता!

हरिशंकर व्यास

नरेंद्र मोदी ने अच्छा काम किया। भले भारत रत्न वोट के लिए बांटा हो लेकिन दो सरल चेहरे याद हो आए। मुझे मेरी शुरुआती लुटियन पत्रकारिता ताजा हो गई। कितने गजब थे अस्सी के दशक के वे दिन! कितनी जिंदादिल, जीवंत और सरल थी भारत की राजनीति! लुटियन दिल्ली में मोरारजी, चरण सिंह, नानाजी, जॉर्ज फर्नांडीज, वाजपेयी और इंदिरा गांधी सभी के ठिकाने खुले होते थे। चौधरी चरण सिंह 12 तुगलक रोड की अपनी कोठी में फर्श पर बिछे गद्दों पर बैठे मेल-मुलाकात करते थे। चौपाल लगी होती थी और वेपपलू खेलते थे। जनसत्ता' में सियासी खबरनवीसी और गपशप' कॉलम की अपनी पहचान में, जब मैं पहली बार चरण सिंह के घर गया तो उन्हें कुर्सी पर नहीं, बल्कि नीचे गद्दी पर बैठा देखा और ताश रखी हुई थी। मैं हैरान हुआ। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री का, बारीक आवाज में, ताश के लिए मुझे पूछना और घर भीड़ में भरा हुआ। सचमुच चरण सिंह का चौपाली मिजाज गजब था। वे पत्रकारों को शहरी, पूंजीवाद हिमायती, ब्राह्मण के आईने में देखते हुए भी उनका मान करते थे। और ऐसा तब सभी तरफथा। मंत्रियों-नेताओं के घरों, प्रदेशों के भवनों में नेताओं, कार्यकर्ताओं के हुजूम में पत्रकारिता मानों अड्डेबाजी। मैं जॉर्ज फर्नांडीज या बिहार भवन में कहीं जब पहली बार कर्पूरी ठाकुर से मिला तो वे जॉर्ज फर्नांडीज से ज्यादा बेतरतीब कपड़ों में दिखे, पर भले और विनम्र। हैरान था भला यह मुख्यमंत्री रहे!चरण सिंह और कर्पूरी ठाकुर दोनों की सादगी, हिंदी प्रेम और जिंदगी जीने का देशज उत्तर भारतीय मिजाज स्वंयस्फूर्त अपनापन बनाता था। वैसे संभव है जनसत्ता' की खनक भी वजह हो। मैं लिखता रहा हूं और मेरा मानना है कि भारत की राजनीति और पत्रकारिता का स्वर्ण काल अस्सी-नब्बे के दशक थे। राजनीति में करवट का काल। नेहरू-इंदिरा-राजीव की तीन पीढ़ियों के सौभाग्य में परिवर्तन का समय तो लोहिया के पिछड़ा पावे सौ में साठ' से जातिवाद को पंख लगने का समय। साथ ही चेहरों में पीढ़ीगत परिवर्तन का भी वक्त।हां, उन दो दशकों में 1983 में जनसत्ता' अखबार निकलने से लेकर 1987 में बोफर्स सौदे के बवाल की अवधि लुटियन दिल्ली में नए नेताओं को उभारने वाली थी। हेमवतीनंदन बहुगुणा, राजनारायण, चरण सिंह, इंदिरा गांधी, जॉर्ज फर्नांडीज, नानाजी-वाजपेयी की जगह अचानक राजीव गांधी, वीरबहादुर, वीपी सिंह, देवीलाल, आडवाणी-गोविंदाचार्य, शरद यादव-लालू-नीतीश जैसे चेहरों की बनती धुरियां। मैं क्योंकि जनसत्ता' से पहले भी 1976 से मई 1983 तक लुटियन दिल्ली की सियासी सरगर्मियों पर लिखते हुए कांग्रेस दफ्तर, जंतर मंतर, विंडसर पैलेस, आईएनएस आदि के पार्टी दफ्तरों-पत्रकारी अड्डों को छानता रहा था तो नेताओं के चेहरों, उनके मिजाज और पर्दे के पीछे की राजनीति की किस्सागोई जाने हुए था। तभी नेता, पार्टी और उनके विचार-मिजाज को लेकर मेरे भी आग्रह-पूर्वाग्रह बन चुके थे। इसलिए उसी में फिर चरण सिंह, जगजीवन राम, हेमवतीनंदन बहुगुणा, कर्पूरी ठाकुर, लालकृष्ण आडवाणी, अटल बिहारी वाजपेयी आदि विरोधी और इंदिराकालीन कांग्रेसी नेताओं पर बेबाकी से लिखता था। याद नहीं अब की उन दिनों मधु लिमये, राजनारायण से लेकर वाजपेयी, चंद्रशेखर, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, आडवाणी, नरसिंह राव पर मैंने कितनी गपशप' लिखी होगी।विषयांतर हो गया है लेकिन नेताओं के चेहरों की मेरी समझ में हमेशा 1977-78 में जनता पार्टी की सरकार के हस्र और अनुभवों का भारी असर रहा है। आज भले 1977 की अनुभूति बेमतलब हो लेकिन सचमुच इंदिरा गांधी की इमरजेंसी को खारिज करने का हम भारतीयों का तब फैसला अद्भुत था।

**यह निजी विचार है।**

## खास खबर

### महिलाओं को आजीविकामूलक गतिविधियों से जोड़े - कलेक्टर

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने शुक्रवार को अकलतरा विकासखंड के ग्राम पंचायत तिलई में लगाये गये आजीविका ऋण मेला में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीणों को सक्षम बनाना और स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराना योजना का मुख्य उद्देश्य है। इस योजना से लाभ लेकर ग्रामीण अपना व्यवसाय शुरू करते हुए आगे बढ़ेगे। उन्होंने अधिक से अधिक महिलाओं को समूह में जोड़ने और मिलकर कार्य करने कहा। साथ ही महिलाओं को योजना की जानकारी देते हुए आजीविका गतिविधियों से जोड़ने के लिए कहा। कलेक्टर ने मेरी कहानी मेरी जुबानी को सुनकर महिलाओं के कार्यों को सराहा। आजीविका ऋण मेला में 384 हितग्राहियों को 934.40 लाख रुपए एवं एनआरएलएम के तहत 81 हितग्राहियों को 229.50 लाख रुपए की ऋण राशि स्वीकृत की गई। आजीविका ऋण मेला के माध्यम से स्व सहायता समूहों को क्रेडिट लिंकेज में बढ़ोतरी, बैंक द्वारा प्रायोरिटी सेक्टर में ऋण वितरण क्षेत्र का विस्तार, शासकीय स्व-रोजगार ऋण योजनाओं के प्रति जागरूकता, मुद्रा योजना के क्षेत्र का विस्तार, स्वयं सिद्धा योजना के प्रति जागरूकता एवं विस्तार, नवीन बैंक खाते और आधार पंजीयन करने की सुविधा, ग्रामीणों की वित्तीय साक्षरता एवं साइबर फ्रॉड के रोकथाम के प्रति जागरूकता और अन्य बैंकिंग से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया गया। इस अवसर पर स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से अपने अनुभव को लोगो के बीच साझा किया। उल्लेखनीय है कि आजीविका ऋण मेला के माध्यम से शासन की महती योजनाओं का लाभ एक ही छत के नीचे मिल रहा है।

### महतारी वंदन योजना के तहत 55 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त

**कोरिया।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश की महिलाओं की आर्थिक, सामाजिक स्थिति को सुदृढ़ करने तथा स्वावलम्बी बनाने की दिशा में 'महतारी वंदन योजना' शुरू की है। प्रदेश में महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार, परिवार में उनकी निर्णायक भूमिका सुदृढ़ करने हेतु समाज में महिलाओं के प्रति भेदभाव, असमानता एवं जागरूकता की कमी को दूर करने, तथा आर्थिक स्वावलंबन व सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंत्री परिषद द्वारा सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में 'महतारी वंदन योजना' लागू किए गए हैं, जिसके तहत पात्र विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इसी कड़ी में जिला प्रशासन कोरिया द्वारा लगातार महतारी वंदन योजना हेतु पात्र महिलाओं से आवेदन जमा करने का आग्रह कर रहे हैं जिसके कारण महिलाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रही है। संबंधित विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अब-तक 55 हजार 660 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जिसमें बैंकुण्ठपुर विकासखंड के अंतर्गत 40 हजार 184 तथा सोनहत विकासखण्ड के तहत 15 हजार 476 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस तरह 31 हजार 255 आवेदन अपलोड किए जा चुके हैं। महिलाओं के स्वावलम्बन एवं उनके आश्रित बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार को बनाए रखने तथा आर्थिक रूप से अधिक स्वावलम्बी बनाने के लिए विवाहित महिलाओं को हर माह राज्य सरकार की तरफसे एक हजार रूपए उनके खाते में डाले जाएंगे।

# वृहद प्लास्टिक मुक्त अभियान बना जन आंदोलन, 29 संस्थाओं के हजारों लोगों ने निस्वार्थ भाव से किया श्रमदान

**धमतरी। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने जिले की पहचान रविशंकर सागर जलाशय (गंगरेल बांध) को स्वच्छ-सुंदर बनाने और प्लास्टिक मुक्त करने मुहिम शुरू की है, जो अब बढ़कर जन आंदोलन बन गया है। इस जन आंदोलन की शुरूआत आज गंगरेल बांध रेस्ट हाउस परिसर से की गयी। इस अवसर पर कलेक्टर गांधी ने कहा कि यह अभियान निरंतर चलने वाला अभियान है, आगे भी समय-समय पर ऐसे अभियान संचालित होते रहेंगे। उन्होंने कहा कि बेहतर होगा अगर हमें ऐसे अभियान की आवश्यकता ही न पड़े, हम सब पॉलीथीन के उपयोग को बंद करें। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने गंगरेल डेम परिसर को स्वच्छ करने अलग-अलग टीमों का गठन कर अधिकारियों जिम्मेदारी तय की।**



अधिकारियों ने अपने-अपने दलों को लेक 'गंगरेल डेम के रेस्ट हाऊस परिसर, पार्किंग स्थल, पार्किंग स्थल मंदिर परिसर, अंगारमोती मंदिर के पीछे, अंगारमोती मंदिर के मेनगेट, बरदिहा रेस्ट हाऊस, अंगारमोती मंदिर के नीचे जाने वाला रास्ता, हनुमान प्रतिमा के आसपास सहित अन्य स्थलों की सफाई कर प्लास्टिक निर्मित पॉलीथीन, बोतलो आदि की सफाई की, जिसमें 32 मिनी ट्रक कचरा एकत्रित किया गया। इस अवसर पर सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने हाथों में तख्ती लेकर प्लास्टिक का उपयोग न करने का संदेश दिया। कलेक्टर सुश्री नम्रता गाधी ने इस अभियान को सफल बनाने में अपनी सहभागिता निभाने वाले सभी वर्गो को धन्यवाद दिया है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य खूबलाल ध्रुव, पुलिस अधीक्षक अंजनेय वार्ष्णेय, डीएफओ श्रीमती शमा फारूकी, अपर कलेक्टर श्री जीआर मरकाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री मधुलिका सिंह, एसडीएम डॉ विभोर अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर ऋषिकेश तिवारी, रामकुमार कृपाल, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती दिव्या पोटाई, तेजपाल सिंह ध्रुव आयुक्त नगर निगम विनय पोयाम, मुख्य सीएमएचओ डॉ एसके मंडल, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास डॉ रेशमा खान, सहित अन्य अधिकारी, एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, शैक्षणिक संस्थाओं के प्रतिनिधि स्कूली बच्चे एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। जिले में आयोजित स्वच्छता अभियान को सार्थक करने आज गंगरेल डेम परिसर में हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसमें जिले के जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारी, सामाजिक संगठनों, प्रशिक्षण संस्थाओं, रेडक्रास वालेंटियरर्स, एनएसएस, स्कूली बच्चों, ग्रीन आर्मी, स्वच्छता दीदी, मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी एवं सदस्यगणों और ग्रामीणों ने प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने पर सहमति देते हुए अपने हस्ताक्षर किये।

#### विधायक ओकर साहू स्वच्छता अभियान में हुए शामिल

विधानसभा क्षेत्र धमतरी के विधायक श्री ओकार साहू भी इस स्वच्छता अभियान में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि यह पहल बहुत ही सराहनीय है। हम सभी को मिलकर गंगरेल बांध, पर्यावरण को सुरक्षित एवं स्वच्छ रखने की आवश्यकता है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि प्लास्टिक का उपयोग न करें।

#### स्वच्छता दूत कुंवर बाई के परिजनों को किया गया सम्मानित

स्वच्छता अभियान के तहत् जिले को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने वाली कुंवर बाई की बेटी सुशीला और बहु कौशिल्या को अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। बता दें कि 21 फरवरी 2016 को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डोंगरगढ़ में जिले की कुंवरबाई को सम्मानित किया था।

#### सीईओ जिला पंचायत ने स्वच्छता एवं मतदान की दिलायी शपथ

गंगरेल बांध रेस्ट हाउस परिसर में आज सीईओ जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने उपस्थित जिले के जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारी, सामाजिक संगठनों, प्रशिक्षण संस्थाओं, रेडक्रास वालेंटियरर्स, एनएसएस, स्कूली बच्चों, ग्रीन आर्मी, स्वच्छता दीदी, मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी एवं सदस्यगणों और ग्रामीणों को स्वच्छता एवं मतदान की शपथ दिलायी गयी। शपथ में कहा गया कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में लायन्स क्लब, युथ हास्टल टीम, सिंधी समाज, जैन संगठन, चेम्बर आफकामर्स, जन जागरण सेवा समिति, औषधि विक्रेता संघ, फुटकर संघ समिति, कल्पवृक्ष सकल जैन महिला ट्रस्ट, दिशा आर्मी टीम, एनएसएस, डिफेंस एकेडमी, फ्रीडम एकेडमी, मां भारती एकेडमी, पीस एकेडमी, वाटर स्पोटर्स, अंगारमोती ट्रस्ट, पीजी कॉलेज धमतरी, बेटर टेक, कन्या शाला, कन्या महाविद्यालय, जननी सेवा संस्थान, युवा दत्तार समिति के अलावा पुलिस, नगर सेना, वन, राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जल संसाधन, नगर निगम, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग, उद्यान, स्वास्थ्य, कृषि, श्रम, आदिवासी विकास, पीएचई, पशुचिकित्सा, परिवहन, खाद्य, उद्योग, कोषालय सहित अन्य विभागों एवं शैक्षणिक संस्थाओं सहित जिले के प्रिंट एंव इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधियों का भरपूर सहयोग रहा। अधिकारियों ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों, सामाजिक संगठनों, शैक्षणिक संस्थान को पौधा प्रदान कर सम्मानित किया। गंगरेल बांध परिसर में संचालित स्वच्छता अभियान से जुड़कर अंगारमोती मंदिर परिसर में दुकान संचालित करने वाले दुकानदारों ने पॉलीथीन का उपयोग न करें की बात कही। इन दुकानदारों ने स्वंय आगे आकर अपनी दुकानों में रखी पॉलीथीन का समर्पण कार्यक्रम स्थल पर किया। उन्होंने कहा कि हम सभी दुकानदार अब कागज से बनें लिफाफे का उपयोग करेंगे और गंगरेल बांध को स्वच्छ रखेंगे।

# जिला प्रशासन की सजगता से गादीरास पोटाकेबिन के बच्चे हुए खसरामुक्त

**सुकमा। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की सजगता से खसरा बीमारी पर नियंत्रण के लिए अब जिले के गांव-गांव में खसरा का टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस दिशा में स्कूल, आश्रम-छात्रावास तथा आवासीय विद्यालयों के बच्चों को विशेष तौर पर प्राथमिकता दी जा रही है।**



ज्ञातव्य है कि जिले के गादीरास पोटाकेबिन से एक बच्चे को बीते 03 फरवरी 2024 बुखार के साथ स्किन रेसेस की समस्या के कारण प्राइमरी हेल्थ सेंटर गादीरास में लाया गया प् जिसको सेंटर पर उपस्थित चिकित्सक के द्वारा जांच करने पर मिजल्स जैसी बीमारी के लक्षण पाये जाने पर तत्काल संबंधित पोटाकेबिन के प्राचार्य से बात किया गया प् इस दौरान प्राचार्य से जानकारी मिली कि इन बच्चों के अतिरिक्त भी अन्य बच्चों में भी बीमारी से सम्बंधित लक्षण नजर आ रहे है, जिसकी जानकारी तत्काल रूप से कलेक्टर सुकमा एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सुकमा को दी गयी प् कलेक्टर श्री एस हरीस के निर्देशन में तत्काल रूप से रैपिड रिस्पोंस टीम गठित कर सेक्टर हेल्थ टीम के द्वारा सम्बंधित पोटाकेबिन में दिनांक 04 फरवरी 2024 को पहुच कर कैंप लगाकर पोटाकेबिन में उपस्थित 373 बच्चों का जांच किया गया प् जिसमें से 22 बच्चों में मिजल्स जैसी बीमारी के लक्षण नजर आने पर जिले में आउट ब्रेक जैसी स्थिति निर्मित हो गयी थी प् जिसमें से तत्काल 5 बच्चों के सेम्पल जांच के लिए मेडिकल कॉलेज जगदलपुर भेजे गए थे प् जिसमें से 3 बच्चों का रिपोर्ट पोजिटिव आने की स्थिति में समस्त बच्चे, जिनमें सम्बंधित बीमारी के लक्षण नजर आ रहे थे, तत्काल उन्हें आइसोलेशन में रखकर उनका उपचार प्रारंभ कर दिया गया। साथ ही इसकी जानकारी स्टेट टीम तथा डबल्यूएचओ टीम से साझा किया गया तथा अगले 15 दिवस तक निरंतर पोटाकेबिन में सम्बंधित बीमारी के लक्षण वाले बच्चों को आइसोलेशन में रखकर उनका उपचार किया गया और अन्य बच्चों को भी निरंतर निगरानी में रखा गया। अब करीब 10 दिवस के भीतर इस बीमारी पर पूर्णतः नियंत्रण पा लिया गया है और सभी बच्चों में बीमारी से सम्बंधित लक्षण आने बंद हो गए हैं तथा सभी बच्चे पूर्णतः स्वस्थ होने की स्थिति में हैं। उक्त बीमारी के पूर्णतः रोकथाम हेतु पोटाकेबिन में उपस्थित सभी बच्चों का खसरा यथा रूबेला का टीकाकरण किया गया है।

## लक्ष्य का निर्धारण करो और दृढ़ निश्चय के साथ उसे पाने के लिए लग जायें - कलेक्टर

**सूरजपुर।** लक्ष्य का निर्धारण करो और दृढ़ निश्चय के साथ उसे पाने के लिए लग जायें यह बात एकलव्य आदर्श कन्या आवासीय विद्यालय प्रेमनगर पहुचें कलेक्टर रोहित व्यास ने विद्यालय के विद्यार्थियों से बोली। एकलव्य आदर्श कन्या आवासीय विद्यालय के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कक्षा 9 वीं में प्रवेश किया, जहां बच्चों को भूगोल विषय पढ़ाया जा रहा था।

इस अवसर पर कलेक्टर ने बच्चों से उनके पढ़ाई को लेकर चर्चा की। भूगोल से संबंधित रोचक सवाल उनसे पूछे। जिसका जवाब बच्चों ने उत्साहपूर्वक दिया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को मन लगाकर विविध विषय पर किताबें पढ़ने की सलाह दी। हर 15 दिन में विद्यालय की लाइब्रेरी से अलग अलग विधा से संबंधित किताबें पढ़ने की सलाह दी ताकि उनके ज्ञान का दायरा बढ़ सके। उन्होंने बच्चों को सर्वांगीण विकास पर जोर देने के लिये कहा।

उन्होंने भी कई जगह संघर्ष किया इसलिए उन्होंने आईएएस बनने का सपना देखा ताकि एक सकरात्मक पहल की जा सके और व्यवस्थाओं मे बदलवा लाया जा सके। इसके पश्चात उन्होंने विद्यार्थियों को आगामी वार्षिक परीक्षा के लिये मन लगाकर पढ़ने के लिए कहा और अच्छा परिणाम लाने के लिए उन्हें प्रेरित किया। एकलव्य आदर्श कन्या आवासीय विद्यालय का पूरा निरीक्षण कर उन्होंने उपस्थित संबंधित अधिकारियों को विद्यालय के बेहतर संचालन के लिये आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# 34वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम का हुआ समापन

**जशपुरनगर।** जिला पुलिस जशपुर द्वारा 34 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के समापन कार्यक्रम का किया गया आयोजन। कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक श्री शशि मोहन के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस दौरान समापन कार्यक्रम जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, एनसीसी, स्काउट गाईड, नेहरू युवा केंद्र, सड़क सुरक्षा मितान एवं विभिन्न स्कूलों के बच्चे उपस्थित थे।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने कार्यक्रम में उपस्थित स्कूली बच्चों एवं गणमान्य नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि यातायात पुलिस द्वारा किस तरह बारिश, धूप, ठंड में भी खड़े होकर यातायात को सुगम बनाने के लिए मेहनत करते हैं इस प्रकार हमें भी अपने कर्तव्यों को ध्यान देते हुए यातायात नियमों का पालन करें। जिले में विगत वर्ष 2023 में हुए सड़क दुर्घटना मृतक और घायलों की संख्या बताते हुए दुर्घटना के प्रमुख कारणो को बताते हुए पुलिस अधीक्षक श्री शशि मोहन द्वारा सड़क सुरक्षा माह मनाने के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया गया कि सड़क सुरक्षा में पहले सप्ताह के रूप में मनाया जाता था दुर्घटना के बढ़ते आंकड़ों को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार द्वारा इस वर्ष सड़क सुरक्षा माह के रूप में मनाने हेतु निर्देशित किया गया। दुर्घटना में जितनी मौतें हो रही है उतनी मौतें किसी भी महामारी युद्ध में नहीं हो रही है यह चिंता का विषय है कि सड़क दुर्घटना में इतनी मृत्यु हो रही है नौजवान यूको को समझाइए देते हुए कहा कि वाहन चलाते समय रोमांच न करें, अगर रोमांच करना है तो पुलिस विभाग में, आर्मी, अग्नि वीर, नेवी में ज्वाइन कीजिए और इस देश के दुश्मनों से लड़ाई करें और देश को बचाएं, और स्कूली छात्र-छात्राओं को समझे देते हुए कहा कि हमेशा दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें, चार पहिया चलते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें, नशे में वहां न चलाएं, तेज रफ्तार वाहन न चलाएं, मोबाइल फोन का प्रयोग न करें, हमेशा यातायात नियमों एवं संकेत का पालन करें।

उल्लेखनीय है कि जिला पुलिस जशपुर द्वारा 15 जनवरी से 15 फरवरी 2024 तक 34 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया गया। जिसमें स्कूली बच्चों एवं एनसीसी, स्काउट गाईड, नेहरू युवा केन्द्र के बच्चों की रैली एवं ड्यूटी लगा लगाकर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया एवं स्कूलों में बच्चों के लिए किया गया। यातायात संबंधी चित्रकला, निबंध, स्लोगन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान लर्निंग लाइसेंस शिविर वाहन चालकों का स्वास्थ्य, नेत्र, बीपी, शुगर परीक्षण शिविर का किया गया आयोजन एवं ऑटो चालकों को निर्धारित वर्दी तथा नेम प्लेट ऑटो मालिक एवं चालकों का मोबाइल नंबर लिखवाने हेतु प्रेरित किया गया। यातायात नियमों के प्रति जागरूक चालकों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। 34 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के समापन दौरान आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिता चित्रकला, निबंध, स्लोगन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो से पुरस्कृत किया गया। गुड सेमेरिटन के तहत सड़कों पर घटित सड़क दुर्घटना में घायलों को तुरंत मदद करने वाले आम नागरिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुलिस मुख्यालय द्वारा 15 जनवरी से 15 फरवरी 2024 तक सड़क सुरक्षा माह आयोजित हेतु प्राप्त निर्देशानुसार जिला पुलिस बल जशपुर द्वारा यातायात सड़क सुरक्षा माह हेतु कार्य योजना तैयार कर दिनांक 15 जनवरी 2024 को 34 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ पुलिस अनु विभाग के अधिकारी कार्यालय जशपुर के प्रांगण में गणमान्य नागरिकों एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में किया गया।

## धवलपुर में कैम्प लगाकर विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया

**गरियाबंद।** केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री जन-मन योजना के तहत 15 फरवरी को विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देश पर गरियाबंद विकासखण्ड के ग्राम धवलपुर में कैम्प का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर द्वारा प्रधानमंत्री जन-मन योजना के तहत् जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के लोगों को शासन के विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से समस्त हितग्राहीमूलक योजना का शत प्रतिशत् लाभ दिलाने के लिए कार्य किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के बाहूल्य ग्राम आमामोरा, ओड़ के पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। उल्लेखनीय है कि ग्राम आमामोरा, ओड़ जिले के अति दूर्गम, पहुंचविहीन व पहाड़ के ऊपर बसाहट वाला ग्राम है। इन गांवों 118 हितग्राहियों को धवलपुर कैम्प में लाकर आयुष्मान कार्ड बनाया गया।

## अधिकारी-कर्मचारी यातायात नियमों का कड़ाई से करें पालन : कलेक्टर

**दुर्ग** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए जिले अंतर्गत पदस्थ जिला प्रशासन एवं पुलिस के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगणों को अपनी दो पहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने व चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करने कहा गया हैं। उपरोक्त नियमों का उल्लंघन करने पर यातायात नियमों के अधीन चलानी कार्यवाही, साथ ही उनके विरूद्ध विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## जनसमस्या निवारण शिविर में 3563 आवेदन हुए प्राप्त, 3503 आवेदन निराकृत

दुर्ग राजस्व व आपदा प्रबंधन विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन संपन्न हुआ। महर्षि स्वामी विवेकानंद सभागृह पद्मनाभपुर में जिले के नागरिक अपनी मांगों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए बड़ी संख्या में पहुँचे। शिविर में एस.डी.एम., तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं हल्का पटवारी उपस्थित रहकर लोगों की राजस्व विभाग से संबंधित आवेदनों का निराकरण किये। इस दौरान नये ऋण पुस्तिका का वितरण भी किया गया। अनुविभाग के सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारियों ने जिला स्तरीय राजस्व जनसमस्या निवारण शिविर में आवेदकों से उनकी समस्याएं सुनी और मौके पर निराकरण भी किये। आज जिला स्तर में जनसमस्या निवारण शिविर में राजस्व मामलों से संबंधित आवेदन नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, फौती, ऋण पुस्तिका, आय, जाति, निवास, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के आवेदन लिए गए।

लोकशक्ति
www.lokshakti.in

# मड़वा विद्युत संयंत्र ने 44 दिन पहले ही पुराने रिकार्ड को ध्वस्त किया

## चालू वित्तीय वर्ष में 44 दिन पूर्व ही 6429.74 मिलियन यूनिट का विद्युत उत्पादन, इससे पहले वर्ष 2018 में बना था सर्वाधिक वार्षिक विद्युत उत्पादन का रिकार्ड



**जांजगीर** - छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी की अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस) मड़वा निरंतर ऊंचाइयों को छू रहा है। विद्युत संयंत्र ने 44 दिन पहले ही सर्वाधिक विद्युत उत्पादन के पुराने रिकार्ड को ध्वस्त कर दिया है। विद्युत संयंत्र ने बीते 16 फरवरी को 6429.74 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन कर पुराने रिकार्ड को पीछे छोड़ दिया है। अभी वित्तीय वर्ष के 44 दिन शेष हैं, जिसमें विद्युत संयंत्र नया कीर्तिमान बनाने की ओर अग्रसर है।

अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस) मड़वा में 500-500 मेगावॉट की आधुनिक दो विद्युत इकाइयां संचालित हैं। एबीवीटीपीएस के कार्यपालक निदेशक एसके बंजारा ने बताया कि विद्युत संयंत्र की इकाई क्रमांक एक ने 178 दिन तक लगातार सर्वाधिक लंबे अवधि तक विद्युत उत्पादन का रिकार्ड भी बनाया है। विद्युत संयंत्र ने दिसंबर तक डेविएशन सेटलमेंट मेकेनिजम (डीएसएम.) से 37.77 करोड़ की बचत की है। कार्यपालक निदेशक ने इस सफ लता पर कहा कि विभिन्न समस्यों एवं कई चुनौतियों का सामना करते हुए यह सभी के सतत प्रयास और संयुक्त रूप से अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मेहनत का नतीजा है।

**बंजारा टीमवर्क पर करते हैं फोकस-**

कार्यपालक निदेशक एसके बंजारा अभियंताओं एवं कर्मचारियों के साथ बेहतर तालमेल के साथ कार्य कर रहे हैं। वे हमेशा अपनी टीम के साथ सतत रूप से कार्य को प्राथमिकता के साथ पूरा करते हैं। संयुक्त व सतत प्रयास का ही नतीजा है कि विद्युत संयंत्र निर्बाध गति से निरंतर विद्युत उत्पादन कर रहा है। गौरतलब है कि बीते जनवरी माह में इकाई क्रमांक एक ने 95.74 प्रतिशत पीएलएफ के साथ 356.16 मिलियन यूनिट मासिक सर्वाधिक विद्युत उत्पादन का रिकार्ड बनाया है। जबकि इससे पहले मई 2018 में 93.13 प्रतिशत पीएलएफके साथ 346.45 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन का रिकार्ड बना था।

## बिलासपुर जिले में एआईआईएमएस खोलने की मांग.....

### आदरणीय नरेंद्र मोदी से उक्त मांग सचिव नमो जन जागृति के आशीष गोयल ने की...

**जांजगीर चांपा** - छत्तीसगढ़ राज्य में बिलासपुर एवं उसके आसपास के क्षेत्र में सरगुजा ,जांजगीर चांपा, रायगढ़, कोरबा, शक्ति, मुंगेली, भाटापारा ,सारंगढ़ आदि जिलों में आदिवासी पिछड़ा वर्ग अनुसूचित जाति एवं ग्रामीण बहुत आयात में निवास करते हैं द्य स्वास्थ्य की दृष्टि में यहां अस्पतालों की बहुत कमी है, स्वास्थ्य के लिए दूसरे राज्यों पर निर्भर रहना पड़ता है द्य बिलासपुर छत्तीसगढ़ का केंद्र बिंदु एवं हृदय स्थल है द्य यहां AIIMS खोलने पर क्षेत्र वासियों को इलाज के लिए दूसरे राज्य में नहीं जाना पड़ेगाद्य उक्त आशय का ज्ञापन आदरणीय नरेंद्र मोदी जी को सचिव नमो जन जागृति समिति जांजगीर नैला, पूर्व छात्र परिषद सरस्वती शिशु मंदिर एवं पूर्व जिला सहप्रचार प्रसार मंत्री आशीष गोयल पिता स्वर्गीय पूरणमल अग्रवाल वरिष्ठ भाजपा नेता ने प्रेषित किया है । जिसकी प्रतिलिपि बिलासपुर के विधायक एवं पूर्व मंत्री आदरणीय अमर अग्रवाल जी को भी प्रेषित की गई है और मांग की गई है कि स्वास्थ्यगत सुविधाओं का विस्तार करते हुए यह AIIMS खोलने की कृपा करें ।






## पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला ने किया पदभार ग्रहण

**जांजगीर चांपा** - छ.ग. शासन के मुताबिक आदेशानुसार विवेक शुक्ला (भा. पु.से.) द्वारा पुलिस अधीक्षक जांजगीर-चाम्पा के पद पर आज दिनांक को पदभार ग्रहण किया गया जिसमें जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं रक्षित निरीक्षक थाना प्रभारी जांजगीर, थाना प्रभारी चाम्पा एवं कार्यलयीन स्टाफउपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने कार्यभार ग्रहण करने पश्चात् बेहतर पुलिसिंग करने हेतु निर्देशित किया गया।







## जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन 17 फरवरी को

**जांजगीर-चांपा** सचिव छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय के निर्देशानुसार 17 फरवरी को जिला मुख्यालय जांजगीर-चांपा स्थित ऑडिटोरियम में कार्यालयीन समय में राजस्व विभाग से संबंधित जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने जन समस्या निवारण शिविर का अधिक से अधिक उपस्थित होकर लाभ उठाने कहा है।

# रायपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष चुने गए प्रफुल्ल, वैभव महासचिव

## संकल्प और संगवारी पैनल का प्रदर्शन अच्छा रहा

लोकशक्ति। रायपुर। संवाददाता।

रायपुर प्रेस क्लब चुनाव में 5 पैनलों से 6 पदों के लिए कुल 27 प्रत्याशी मैदान पर थे, प्रत्याशियों के बीच जबरदस्त मुकाबले में संकल्प और संगवारी पैनल ने अपना कब्जा जमाया. अध्यक्ष पद पर संकल्प पैनल से प्रफुल्ल ठाकुर, उपाध्यक्ष पद पर संदीप शुक्ला, कोषाध्यक्ष रमन हलवाई और संयुक्त सचिव पद पर बमलेश्वर ( अरविंद) सोनवानी ने जीत दर्ज की है। वहीं संगवारी पैनल से महासचिव वैभव शिव पांडेय, संयुक्त सचिव तृप्ति सोनी ने जीत हासिल की है। मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में आज सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान होगा। इसके बाद मतों की गिनती शुरू हुई, जिसमें संकल्प पैनल से अध्यक्ष पद पर प्रफुल्ल ठाकुर, उपाध्यक्ष पद पर संदीप शुक्ला, कोषाध्यक्ष रमन हलवाई और संयुक्त सचिव पद पर बमलेश्वर ( अरविंद) सोनवानी ने जीत दर्ज की है. वहीं संगवारी पैनल से महासचिव वैभव शिव पांडेय, संयुक्त सचिव तृप्ति सोनी ने जीत हासिल की है।

### जानिए किसे कितना वोट मिले

संयुक्त सचिव के लिए तृप्ति सोनी को 232 तो वहीं अरविंद सोनवानी को 194 वोट मिले. कोषाध्यक्ष पद के लिए रमन हलवाई को 218 वोट मिले। वहीं महासचिव पद के लिए डॉ. वैभव शिव पांडेय को 198 वोट मिले। उपाध्यक्ष पद के लिए संदीप शुक्ला को 298 वोट मिले।






# महिलाओं को आजीविकामूलक गतिविधियों से जोड़े - कलेक्टर



### जनपद पंचायत अकलतरा के ग्राम पंचायत तिलई में आजीविका ऋण मेला का हुआ आयोजन

### आजीविका ऋण मेला में 384 हितग्राहियों को 934.40 लाख रुपए की ऋण राशि स्वीकृत

### कलेक्टर ने मेरी कहानी मेरी जुबानी को सुनकर महिलाओं के कार्यों को सराहा

जांजगीर-चांपा

कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने शुक्रवार को अकलतरा विकासखंड के ग्राम पंचायत तिलई में लगाये गये आजीविका ऋण मेला में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीणों को सक्षम बनाना और स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराना योजना का मुख्य उद्देश्य है। इस योजना से लाभ लेकर ग्रामीण अपना व्यवसाय शुरू करते हुए आगे बढ़ेगे। उन्होंने अधिक से अधिक महिलाओं को समूह में जोड़ने और मिलकर कार्य करने कहा। साथ ही महिलाओं को योजना की जानकारी देते हुए आजीविका गतिविधियों से जोड़ने के लिए कहा। कलेक्टर ने मेरी कहानी मेरी जुबानी को सुनकर महिलाओं के कार्यों को सराहा। आजीविका ऋण मेला में 384 हितग्राहियों को 934.40 लाख रुपए एवं एनआरएलएम के तहत 81 हितग्राहियों को 229.50 लाख रुपए की ऋण राशि स्वीकृत की गई।

आजीविका ऋण मेला के माध्यम से स्व सहायता समूहों को क्रेडिट लिंकेज में बढ़ोतरी, बैंक द्वारा प्रायोरिटी सेक्टर में ऋण वितरण क्षेत्र का विस्तार, शासकीय स्व-रोजगार ऋण योजनाओं के प्रति जागरूकता, मुद्रा योजना के क्षेत्र का विस्तार, स्वयं सिद्धा योजना के प्रति जागरूकता एवं विस्तार, नवीन बैंक खाते और आधार पंजीयन करने की सुविधा, ग्रामीणों की वित्तीय साक्षरता एवं साइबर फ्रॉड के रोकथाम के प्रति जागरूकता और अन्य बैंकिंग से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया गया। इस अवसर पर स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से अपने अनुभव को लोगो के बीच साझा किया। उल्लेखनीय है कि आजीविका ऋण मेला के माध्यम से शासन की महती योजनाओं का लाभ एक ही छत के नीचे मिल रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री गोकुल कुमार राउटे सहित जनप्रतिनिधि व संबंधित अधिकारी-कर्मचारी एवं नागरिकजन उपस्थित थे।

# बस स्टैंड में करोड़ों के सोने के साथ पकड़ाया कुरियर बॉय...

रायपुर के भाटागांव स्थित नया बस स्टैंड में करोड़ों का सोना पकड़ाया है। इस मामले में पुलिस ने एक युवक को भी गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि युवक दो बैग में करीब 7 किलो सोने के जेवरों को बस से मुंबई ले जा रहा था। चेकिंग के दौरान पुलिस ने आरोपी युवक को दबोचा है।

जानकारी के अनुसार, मामला टिकरापारा थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि युवक कुरियर बॉय का काम करता है। इसी दौरान वे भाटागांव न्यू बस स्टैंड से दो बैग में करीब 7 किलो सोने के जेवरों को मुंबई ले जा रहा था। जिसकी कीमत करीब 4 करोड़ से अधिक आंकी गई है। सूचना के बाद CGST और SGST के अधिकारी थाने पहुंचे और आरोपी कुरियर बॉय से पूछताछ की जा रही है। फिलहाल आरोपी युवक ये सोना कहां से लाया इसकी जांच में पुलिस जुटी हुई है।





## खास खबर



### गौ हत्या कर मांस बेचने वाले पिता पुत्र समेत छह आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़ ( ए )** धरमजयगढ थाना क्षेत्र अंतर्गत नेवारगांव मे गुरुवार की रात गौ हत्या कर मांस बेचने वाले लोगो को ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस धर दबोचा हैं।

धरमजयगढ़ के पोरिया नेवारगांव धुर आदिवासी क्षेत्र है। इस गांव के कुछ लोग गौ हत्या कर उसके मांस की बिक्री कर रहे थे। इसकी भनक ग्रामीणों को लगने पर उन्होंने मौके पर दबिश दी। इस पर आरोपी मौके से फरार हो गए। गौ हत्या कर मांस बिक्री की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। इस पर तत्परता दिखाते हुए धरमजयगढ़ पुलिस ने मामले में संलिप्त लोगों की धरपकड़ शुरू की। पुलिस ने मामले में अजीत तिर्की पिता भोदरो एम तिर्की (44 ), परश्याम टोपणो पिता ड्रगू राम (50), रंजित तिग्गा पिता जगलो तिग्गी ( 45), चेतन पन्ना पिता जंगेलो पन्ना (26), निकोलम पिता अजित तिर्की (25), दिलाएम टोप्पो पिता डूगू राम टोप्पो (55) पोरिया धरमजयगढ़ गिरफ्तार किया है।

### किशोरी से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 10 साल की सजा

**कटघोरा ( ए )।** किशोरी को अगवा कर भागने और उसके साथ अनाचार करने वाले आरोपित को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट्रेक कोर्ट पास्को कटघोरा ने 10 वर्ष की सजा सुनाई है। आरोपी मध्य प्रदेश के जबलपुर का निवासी है, सजा सुनाने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

दीपका पुलिस थाना अंतर्गत नाबालिग किशारी को बहला फुसलाकर भगाकर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपित दीपक उर्फ विक्रम बजाज 24 वर्ष पिता परमानंद बजाज निवासी अंबेडकर कालोनी गोहलपुर जिला जबलपुर मध्य प्रदेश को दंडित किया गया है। न्यायाधीश स्वर्णालता ने धारा 363 में एक वर्ष, 366 में दो वर्ष तथा धारा छह पाक्सो एक्ट में 10 वर्ष का कठोर कारावास की सजा एवं 3500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। इस प्रकरण में पैरवी करने वाले अतिरिक्त लोक अभियोजक राकेश जायसवाल ने बताया कि 18 जुलाई 2019 को थाना दीपका अंतर्गत ग्राम की 17 वर्षीय नाबालिक किशोरी आरोपित दीपक उर्फ विक्रम बजाज बहला फुसलाकर भगाकर जबलपुर ले गया और उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया।

घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी गई। किशोरी के मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस ने जबलपुर में आरोपित के कब्जे से बरामद किया गया। घटना की रिपोर्ट दीपका पुलिस ने धारा 363, 366, 376, 506 (बी) एवं छह पाक्सो एक्ट के अंतर्गत अभियोगपत्र न्यायालय स्वर्णलता टोप्पो अपर सत्र न्यायाधीश एफटीएससी (पाक्सो) कटघोरा जिला कोरबा में प्रस्तुत किया। न्यायालय द्वारा विचारण पश्चात आरोपित के विरूद्ध आरोप सिद्ध पाए जाने पर 14 फरवरी को निर्णय पारित कर दंड़ित किया गया है।

# टास्क फोर्स की बड़ी कार्रवाई: रेत के अवैध खनन व परिवहन के मामले में 6 चैन माउंटेड मशीन सहित 57 वाहन जब्त

■ कलेक्टर चंदन कुमार के मार्गदर्शन में एक साथ छापामार कार्रवाई

**बलौदाबाजार-भाटापारा।** कलेक्टर चंदन कुमार के मार्गदर्शन में बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में खनिजों के अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त लोगों के विरूद्ध कार्रवाई का व्यापक अभियान संचालित किया जा रहा है। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में कलेक्टर के मार्गदर्शन में बीते 15 फरवरी को जिला खनिज टास्क फोर्स ने कई इलाकों में दबिश देकर रेत के अवैध खनन में लगे चैन माउण्टेड मशीन और वाहन जब्त किए। जिला खनिज टॉस्क फोर्स में राजस्व विभाग, खनिज विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारी शामिल थे। टॉस्क फोर्स ने रेत, मुरुम, चूनापत्थर के अवैध उत्खनन एवं परिवहन में संलग्न 51 वाहनों और 6 चैन माउण्टेड मशीनों को जब्त किया।





प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार बलौदाबाजार ने खनिज रेत के अवैध परिवहन कर रहे 22 वाहनों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है। इसी तरह पलारी तहसील अंतर्गत ग्राम दतान (ख) में रात्रि में रेत के अवैध उत्खनन में संलग्न 2 चैन माउन्टेड मशीन एवं 3 हाईवा को नदी में रेत भराई के दौरान जब्त किया।

इसी प्रकार कसडोल तहसील अंतर्गत ग्राम भदरा में रात्रि में रेत के अवैध उत्खनन में संलग्न 3 चैन माउन्टेड मशीन को तथा ग्राम भदरा एवं सिनोधा में रेत से भरी 8 हाईवा को जब्त कर कसडोल थाने के सुपर्द किया गया है। छापामार कार्रवाई के दौरान तहसीलदार लवन ने रेत से भरी 8 हाईवा, खनिज विभाग की टीम ने 4 हाईवा जब्त कर थाना लवन में सुरक्षार्थ रखा गया है। तहसीलदार टुण्ड्रा एवं भाटापारा के द्वारा 3-3 वाहनों पर अवैध परिवहन का प्रकरण तथा मुरुम के अवैध खनन में प्रयुक्त हो रहे चैन माउण्टेड मशीन जब्त किया गया है। जब्त मशीनों और वाहनों के विरुद्ध खान एवं खनिज अधिनियम, 1957 के तहत कार्रवाई की गई है।

# मोबाइल पर बेटी किसी से कर रही थी बात, गुस्से में पिता ने ले ली जान, खाट के पाये से किया हमला

**रायगढ़।** जिले के तमनार थाना क्षेत्र में मामूली बात पर पिता ने अपनी बेटी की हत्या कर दी। घटना गुरुवार रात की है जब बेटी अपने मोबाइल पर किसी से बात कर रही थी। इसकी जानकारी मिलने के बाद पिता गुस्सा हो गया और खाट के पाए से बेटी पर हमला कर दिया। इस हमले से बेटी की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार तमनार थाना क्षेत्र के धौराभांठा निवासी श्याम कुमार राठिया ट्रैक्टर चलाने का काम करता है और अक्सर बाहर ही रहता है। श्याम कुमार बीते 15 दिनों से धौराभांठा अपने घर में आकर रह रहा था। गुरूवार की रात करीब आठ बजे श्याम कुमार राठिया की बेटी बाहरतीन राठिया (21) मोबाइल पर किसी से बात कर रही थी। यह देख उसके पिता ने ठोका। दो से तीन बार मना करने के बाद बेटी अपने पिता की बात को अनुसना करते हुए बात कर रही थी। आवेश में आकर श्याम कुमार राठिया ने घर में पड़े हुए खाट के पाये से बेटी के सिर पर ताबड़तोड हमला कर उसकी हत्या कर दी।




घटना के बाद उसने इसकी जानकारी खुद ही अपने पड़ोसी महिला को दी। इसके बाद उस महिला ने इस पूरी वारदात की जानकारी श्याम कुमार राठिया के छोटे भाई को दी। छोटा भाई सूरतलाल राठिया जब अपनी पत्नी और बच्चों के साथ मौके पर पहुंचा तो देखा कि बाहरतीन की लाश खून से सनी हुई अवस्था में लकड़ी के सोफे पर पडी हुई थी। वहीं, शव के पास में ही उसके पिता श्याम कुमार राठिया मौजूद था। मृतका युवती के चाचा ने इस पूरी वारदात की जानकारी तमनार थाने में दी। इसके बाद मौके पर पहुंची तमनार थाना पुलिस ने आरोपी पिता श्याम कुमार राठिया को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ धारा 302 के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया।

# ट्रांसपोर्टर से मारपीट कर रुपये और कार लूटकर भागे युवक



**बिलासपुर।** भारतीय नगर चौक के पास ट्रांसपोर्टर और उसके साथी को बंधक बनाकर हिस्ट्रीशीटर कोनी क्षेत्र में लेकर गया। वहां पर ट्रांसपोर्टर से मारपीट कर उसकी कार और पांच हजार रुपये छीन लिए। इसके बाद ट्रांसपोर्टर के साथी को अपने साथ लेकर चले गए। इधर घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर हिस्ट्रीशीटर और उसके साथी बंधक युवक को छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने मामले में लूट का जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन क्षेत्र में रहने वाले राकेश सिंह ट्रांसपोर्टर हैं। उनकी व्यापार विहार क्षेत्र में ऑफिस है।

कुछ दिनों पहले उन्होंने तखतपुर में रहने वाले जय प्रकाश बघेल से एक कार खरीदी थी। कोनी में रहने वाले हिस्ट्रीशीटर सौरभ ने जय प्रकाश से संपर्क कर कार की ज्यादा रकम देने की बात कही। कार को खरीदने के लिए उसने राकेश को भारतीय नगर चौक के पास मिलने के लिए बुलाया। वहां पर जय प्रकाश बघेल और सौरभ पहुंचे। बातचीत के दौरान राकेश ने अपने रुपये वापस करने पर कार को देने की बात कही। इस पर सौरभ ने ट्रांसपोर्टर को कोनी में रुपये देने की बात कही। राकेश अपनी कार से सौरभ और जय प्रकाश को लेकर कोनी गया। वहां पर सौरभ और उसके साथियों ने राकेश की पिटाई कर उसकी जेब में रखे पांच हजार रुपये और कार छीन लिया।

इसके बाद वे जय प्रकाश को लेकर भाग निकले। किसी तरह राकेश ने सिविल लाइन पहुंचकर लूट की शिकायत की। इस पर पुलिस की टीम कोनी पहुंच गई। कोनी में पुलिस के पहुंचते ही रात करीब तीन बजे सौरभ और उसके साथी जय प्रकाश को कोनी थाने के पास छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने जय प्रकाश से पूछताछ की। इसके बाद सौरभ और उसके साथियों के खिलाफलूट का मामला दर्ज कर लिया है।

# जगदलपुर में गैंगवार: एक गैंग के गुर्गों ने दूसरे गैंग के सरगना पर चलाई गोली, लेनदेन को लेकर हुआ था विवाद

**जगदलपुर।** शहर के नए बस स्टैंड पर पैसों को लेकर दो गैंग में विवाद हो गया। एक गैंग ने पिस्टल निकाल कर गोली चला दी। इस घटना में कोई घायल तो नही हुआ, लेकिन इलाके में दहशत फैल गई। मामले की जानकारी पुलिस को मिली, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी मौके से फरार हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल ही एक टीम बनाई गई, जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें पैदल ही न्यायालय तक ले जाया गया, जहां उन्हें कोर्ट में पेश किया गया।



बस्तर पुलिस ने बताया कि नया बस स्टैंड पर 14 फरवरी की रात में शहर के एक गैंग के गुर्गों द्वारा दूसरे गैंग के सरगना को पिस्टल से मारने की धमकी देते हुए फायर कर जान से मारने का असफल प्रयास किया गया। इस मामले में पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। नया बस स्टैंड सुलभ शौचालय के पास में प्रार्थी अमित शर्मा को नाथू व टाकलू भैय्या का पैसा वापस नहीं लेने की बात कहते हुए राज दुग्गा द्वारा अपने पास एक पिस्टल जैसे दिखने वाले हथियार निकालकर लहराते हुए गोली चला दी।

प्रार्थी के रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ थाना बोधघाट में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम बनाई। टीम के प्रयास से चार आरोपी राज दुग्गा, चिराग साहू, किशोर चालान और मोहम्मद अल्ताफ को गिरफ्तार किया है। ये सभी घटना के बाद ओडिशा चले गए थे। आरोपियों की जवाबदेही पर आरोपी त्रिनाथ दुर्गा और हेमंत ध्रुव को जगदलपुर से पकड़ा गया।

# शिविर में हजारों महिलाओं का उत्साह जनक स्वागत, कलेक्टर व् जनप्रतिनिधियों ने भी कराई जाँच

दुर्ग कलेक्टर चौधरी के निर्देश पर जिला अस्पताल में स्तन कैंसर व सर्वाइकल कैंसर के नियंत्रण और जाँच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृहद् शिविर का आयोजन किया। इस अद्भुत पहल के माध्यम से हजारों महिलाएँ निःसंदेह और उत्सुकता के साथ शिविर में शामिल हुईं। इसके साथ ही, जिले के कलेक्टर और अन्य प्रमुख महिला जनप्रतिनिधियों ने भी इस अवसर पर अपनी जाँच कराई। कलेक्टर ने इस महत्वपूर्ण अभियान में सभी नागरिकों से जुड़ने की अपील की ताकि स्तन कैंसर और सर्वाइकल कैंसर जैसी बीमारियों से समाज को मुक्त किया जा सके। उन्होंने बताया कि वैश्विक जलवायु, रहन-सहन, खान-पान परिस्थिति के कारण आज हर 22 में से 01 महिला को स्तन कैंसर होने की संभावना है। उन्होंने कहा बहुत अच्छा लगा की इतनी बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित हुई, इससे पता लगता है कि महिलाएं अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हैं। जिला अस्पताल में उक्त जांच की सुविधा उपलब्ध है, सभी माता बहनों से अपील है कि आप सभी कैंसर की जांच अवश्य करायें। उन्होंने शिविर में भागीदार सभी डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी जे.पी. मेश्राम के साथ अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।

# फिजिकल रिलेशन से मना किया तो पति ने कर दी पत्नी की हत्या, पीएम रिपोर्ट में खुलासा

**बिलासपुर ( ए )।** बिलासपुर में एक शख्स ने गला घोंटकर पत्नी की हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि पत्नी ने फिजिकिल रिलेशन बनाने से मना कर दिया था, जो पति को नागवार गुजरा। परिजन और पुलिस से बचने के लिए उसने ब्लड प्रेशर कम होने और चक्कर खाकर बाड़ी में गिरने से मौत होने की झूठी कहानी बनाई।

पुलिस ने शक के आधार पर महिला की लाश का पोस्टमॉर्टम कराया। रिपोर्ट में गला घोंटकर हत्या करने की पुष्टि हो गई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। घटना 6 दिन पहले रतनपुर थाना क्षेत्र की है।

रतनपुर थाना प्रभारी देवेश सिंह राठौर ने बताया कि भोंदलापारा निवासी सावनी बाई पटेल (38) की 10 फरवरी की रात संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी। घटना की जानकारी मिलने पर 11 फरवरी की सुबह पुलिस मौके पर पहुंची।

पूछताछ में पति रूपचंद पटेल (39) ने बताया कि रात में उसकी पत्नी बाड़ी की तरफगई थी। करीब आधे घंटे तक वह नहीं लौटी, तो वो बाड़ी में गया। वहां उसने अपनी पत्नी की लाश पड़ी देखी। उसने पुलिस को बताया कि उसे लो ब्लड प्रेशर था। पहले भी वह चक्कर खाकर गिर जाती थी, लेकिन इस बार गिरने पर उसकी जान चली गई।

महिला की मौत पर उसके परिजन ने भी कोई आशंका नहीं जताई। इसके बाद भी शक के आधार पर पुलिस ने लाश का पोस्टमॉर्टम कराया। पोस्टमॉर्टम के बाद परिजन ने अंतिम संस्कार कर दिया। इधर



पुलिस को पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार था। शुक्रवार को डॉक्टर ने रिपोर्ट में गला घोंटकर हत्या करने की पुष्टि कर दी। इसके बाद पुलिस ने पति रूपचंद को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

### फिजिकल रिलेशन बनाने से मना किया इसलिए हत्या की

पूछताछ में आरोपी रूपचंद ने बताया कि वह शराब के नशे में था। उसने अपनी पत्नी से फिजिकल रिलेशन की डिमांड की। पत्नी ने अपनी शारीरिक परेशानी बताकर संबंध बनाने से मना कर दिया। रात करीब 10.30 बजे वह आंगन की तरफ निकल गई। वह भी उसके पीछे गया, फिर बाड़ी में गमछे से गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। पकड़े जाने के डर से वह अपने बेटों और पुलिस के सामने बीमारी और चक्कर आने से गिरकर मौत होने की झूठी कहानी बनाई।

### कमरे में सो रहे थे बेटे, नहीं लगी भनक

पुलिस ने पूछताछ की, तब पता चला कि घटना की रात उसके 14-15 साल के 2 बेटे भी घर में थे। रात का खाना खाने के बाद दोनों बेटे दूसरे कमरे में सो गए। इसके चलते उन्हें अपनी मां की हत्या की भनक तक नहीं लगी। जब बेटों ने सुबह मां के बारे में पूछा, तो पिता ने बीमारी और चक्कर खाकर गिरने की बात उन्हें बताई। यही कहानी उसने पुलिस को भी सुनाई।

### इसलिए नहीं हुआ हत्या का शक

थाना प्रभारी देवेश सिंह राठौर ने बताया कि महिला की शादी करीब 18 साल पहले हुई थी। उसकी दो बेटियों की शादी हो चुकी है और दोनों बेटे भी बड़े हो गए हैं, इसलिए किसी को उसकी हत्या का शक नहीं हुआ। पुलिस ने बेटों से भी पूछताछ की, तब उन्होंने भी रात में विवाद होने की जानकारी होने से इनकार कर दिया। फिर भी शक के आधार पर महिला के शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया, जिसमें हत्या का खुलासा हो गया।

# सुपोषण शिक्षा और संस्कार भावी पीढ़ी की मजबूती के लिए जरूरी : कलेक्टर



**संवाददाता।** शहर के समाजसेवी तथा आईण्सीण् मार्ट के संचालक महेन्द्र जैन ने अपने पोती के जन्म होने के अवसर पर आज बैकुण्ठपुर स्थित कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जिले के कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की उपस्थिति में छात्राओं को पौष्टिक भोजन कराया गया।

छत्तीसगढ़ के स्कूलों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को दिए जाने वाले गर्म भोजन को सामुदायिक भागीदारी की बदौलत और अधिक पोषक बनाने की अभिनव पहल की गई है। शाला अवधि में विद्यार्थियों को भोजन प्रदाय करने के लिए संचालित प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना गाइड लाइन में सामुदायिक आधार पर तिथि भोजन के प्रावधान के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में इसे ष्योता भोजनश् के नाम से लागू किया गया है।

**जिलेवासियों से अपील :** इसी कड़ी में आज बैकुण्ठपुर के कन्या शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शहर के समाजसेवी तथा आईण्सीण् मार्ट के संचालक महेन्द्र जैन ने अपने पोती के जन्म होने के अवसर पर छात्राओं को पौष्टिक व गरम भोजन कराकर ष्यौता भोजनश् की शुरूआत की। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना से जहां बच्चों को पौष्टिक भोजन मिलेगाए वहीं समाज में एक सकारात्मक संदेश भी जाएगा। उन्होंने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि इस योजना के तहत जो भी संगठनए संस्था इसमें भागीदार बनने चाहते हैंए वे जरूर पहल करें इससे सुपोषणए शिक्षा और संस्कार में भी बढ़ोत्तरी होगी।

**स्कूल में दिए जाने वाले भोजन का विकल्प नहीं :**

लंगेह ने कहा कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को दिए जाने वाले गर्म भोजन को सामुदायिक भागीदारी की बदौलत और अधिक पोषक बनाने की अभिनव पहल की गई हैए जबकि स्कूल में दिए जाने वाले भोजन का विकल्प नहीं होगा।

**न्योता भोजन का उद्देश्य :**

न्योता भोजन का उद्देश्य समुदाय के बीच अपनेपन की भावना का विकास भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि और सभी समुदाय वर्ग के बच्चों में समानता की भावना विकसित करना है। यह पूरी तरह से स्वैच्छिक है और समुदाय के लोग व कोई भी सामाजिक संगठन स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं। अतिरिक्त पूरक पोषण के रूप में खाद्य सामग्री का योगदान कर सकेंगे। न्योता भोजन स्कूल में दिए जाने वाले भोजन का विकल्प नहीं होगा बल्कि यह विद्यार्थियों को दिए जा रहे भोजन का पूरक होगा। समुदाय में ऐसे दानदाताओं की पहचान की जा सकती है, जो रोटेशन में माह में कम से कम एक दिन शाला में न्योता भोजन करा सके। भोजन दान की प्रकृति को महादान के रूप में प्रचारित किया जाना है, जिसमें पूरे विद्यालय अथवा किसी कक्षा विशेष के बच्चों को न्योता भोजन कराया जाता है।

## खास खबर...




### महतारी वंदन योजना से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए राज्य स्तरीय हेल्पलाइन नंबर जारी

**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महतारी वंदन योजना से संबंधित जानकारी और समस्या के समाधान के लिए राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है, जिसका हेल्पलाइन नंबर 18002334448 है। इस टोल फ्री नंबर पर सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

राज्य स्तर पर महिला एवं बाल विकास विभाग को योजना के क्रियान्वयन के लिए नोडल विभाग बनाया गया है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार महतारी वंदन योजना के तहत राज्य शासन द्वारा ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। आवेदन के लिए ऑनलाइन पोर्टल https://www.mahtarivandan.cgstate.gov.in तथा मोबाइल एप्प बनाया गया है। ग्राम पंचायत, आंगनबाड़ी केंद्र, परियोजना कार्यालय व नगरीय निकायों में वार्ड स्तर पर शिविरों का आयोजन कर महिलाओं से आवेदन लिया जा रहा है। हितग्राहियों के लिए महतारी वंदन योजना के ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन पत्र की स्थिति ज्ञात करने की सुविधा भी प्रदान की गई है। इसकी सहायता से हितग्राही अपना रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर या आधार नंबर दर्ज कर अपने आवेदन पर की गई कार्यवाही के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### 19 फरवरी को रोजगार कार्यालय में जॉब फेयर आयोजित

**रायपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, द्वारा स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 19 फरवरी को रोजगार कार्यालय, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जॉब फेयर आयोजित किया जाएगा। जॉब फेयर के माध्यम से निजी क्षेत्र के नियोजक क्रेडिट एक्सेस लिमिटेड, सारडा एनर्जी एण्ड मिनरल्स लिमिटेड एवं शुभ मल्टीस्पेशियालिटी हास्पिटल, रायपुर द्वारा ट्रेनी केन्द्र मैनेजर, मोल्ड ऑपरेटर, क्रेन ऑपरेटर, इलेक्ट्रिशियन, पर्चेस ऑफिसर, नर्सिंग स्टॉफ, फार्मासिस्ट, ड्रेस एवं ओटी टेक्निशियन आदि के 70 से अधिक पदों पर 12वीं से स्नातकोत्तर एवं बीएससी नर्सिंग तथा आईटीआई, डिप्लोमा आदि उत्तीर्ण योग्य आवेदकों की भर्ती 10 हजार से 45 हजार रूपये प्रतिमाह के वेतनमान पर की जाएगी। इस जॉब फेयर में सम्मिलित होने योग्य एवं इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि एवं स्थल पर अपने बॉयोडाटा/आधार कार्ड एवं शैक्षणिक, तकनीकी योग्यता अनुभव प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। अधिक जानकारी के लिए आवेदक जिला रोजगार कार्यालय रायपुर में भी संपर्क कर सकते है।

# विशेष पिछड़ी जनजातियों की बदलेगी तस्वीर

- मुख्यमंत्री साय का विशेष पिछड़ी जनजाति के विकास पर है विशेष जोर
- बजट में 300 करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में तैयार किये गये बजट में विशेष पिछड़ी जनजाति के सदस्यों के लिए 300 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है। इस बजट प्रावधान से छत्तीसगढ़ में रह रहे बिरहोर, पहाड़ी कोरवा, बैगा, कमार और अबूझमाड़िया लोगों को बुनियादी सुविधाओं का लाभ मिल पाएगा। घास-फूस के घरों की जगह वे पक्के घरों में रह सकेंगे। पेयजल की अच्छी सुविधा होगी। अभी अधिकांश विशेष पिछड़ी जनजाति की बस्तियों में पानी दूर से लाना होता है। कई बार इस जनजातीय समुदाय के लोग झिरिया आदि से पानी पीते हैं। अशुद्ध पेयजल की वजह से बीमारियां पनपती हैं।

देश में पहली बार इन विशेष पिछड़ी जनजातियों के विकास के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना बनाई गई। यह योजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु से शुरू की थी। छत्तीसगढ़ में इस योजना पर तेजी से क्रियान्वयन हो रहा है और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय इस पर सीधी नजर रख रहे हैं। बीते माह मुख्यमंत्री ने रायगढ़ जिले में बिरहोर बस्तियों का दौरा भी किया। उन्होंने यहां प्रधानमंत्री जनमन योजना के क्रियान्वयन की स्थिति देखी। मुख्यमंत्री ने इन बस्तियों में रहने वाले लोगों से संवाद भी किया। इन बस्तियों में रहने वाले लोगों को योजनाओं का लाभ मिलते रहे, इसके लिए लगातार कैंप लगाये जा रहे हैं। विशेष पिछड़ी जनजाति के लिए 300 करोड़ रुपए का बजट उपलब्ध हो जाने से अब इन इलाकों में तेजी से विकास हो सकेगा। यह योजना इसलिए भी आवश्यक थी क्योंकि इन जनजातियों का भौगोलिक परिवेश बहुत कठिन है। जहां पर बस्तियां बसी हैं वहां तक पेयजल की सुविधा उपलब्ध करा पाना तथा अन्य बुनियादी सुविधाएं दे पाना चुनौती होती थी लेकिन मुख्यमंत्री साय के दृढ़ संकल्प के आगे रास्ता आसान हो गया है।

जनमन योजना के माध्यम से न केवल बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं अपितु इनके लिए रोजगार के अवसर भी इसके माध्यम से सृजित किये जा रहे हैं। सरगुजा और बस्तर की ओर फोकस की सरकार की नीति भी इन अवसरों को बढ़ाने की दिशा में काफी उपयोगी होगी। स्थानीय उद्यमशीलता को बढ़ावा देकर इन जनजातियों के लिए रोजगार सृजन हो सकेगा। इन योजनाओं का लाभ आम आदमी तक पहुंचाने के लिए जनमन मित्र तथा सखी विशेष रूप से उपयोगी साबित हुए हैं। वे घर-घर जाते हैं पीवीटीजी से उनकी भाषा में बात करते हैं। सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हैं और फार्म भी भरवाते हैं। इसके बाद वे प्रशासनिक अधिकारियों के समन्वय से इन योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को देना सुनिश्चित कराते हैं।

# राजिम कुंभ कल्प के भव्य आयोजन की तैयारियां जोरों पर, प्रभु श्रीराम को मिला प्रथम आमंत्रण



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के प्रयाग राजिम में त्रिवेणी संगम पर राजिम कुंभ कल्प के भव्य आयोजन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। राजिम कुंभ कल्प का आयोजन आगामी 24 फरवरी से 8 मार्च तक होगा। धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने राजिम कुंभ कल्प में पधारने का प्रथम निमंत्रण शुक्रवार को रायपुर के वीआईपी चौक स्थित श्री राम मंदिर पहुंचकर प्रभु श्रीराम के दर्शन कर उनके चरणों में पहला निमंत्रण पत्र अर्पित किया।

हिंदू धर्म में लोग अपने मांगलिक कार्यों का निमंत्रण सबसे पहले अपने ईस्ट देवता व कुल देवता को देते हैं। इसका कारण कुल परंपरा व शास्त्रीय विधान है। उद्देश्य है कि हम जो मांगलिक कार्य करने जा रहे हैं उसे सभी देवी-देवता सफल बनाएं। इसी परंपरा का निर्वाह करते हुए धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने राजिम कुंभ कल्प का पहला न्यौता प्रभु श्री राम को देते हुए राजिम कुंभ के सफल आयोजन की कामना की।

संस्कृति मंत्री अग्रवाल ने कहा कि राजिम कुंभ कल्प का आयोजन के दौरान तीन पुण्य स्नान क्रमशः 24 फरवरी माघ पूर्णिमा, 4 मार्च माता जानकी जयंती और 8 मार्च महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर होंगे। उन्होंने कहा कि पांच साल बाद राजिम कुंभ की भव्यता फिर से लौटेगी। राजिम कुंभ में देशभर से बड़ी संख्या में साधु-संतों पीठाधीश्वर, मठाधीश, महात्मा, शंकराचार्य राजिम कुंभ में पधारेंगे। मंत्री अग्रवाल ने कहा कि वर्षों बाद अयोध्या में श्री रामलला की घर वापसी हुई है। इसको पूरे देशभर में उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने राजिम कुंभ कल्प को भी रामोत्सव के रूप में मनाने का आह्वान किया। देश-प्रदेश के श्रद्धालु गणों के आगमन से राजिम कुंभ कल्प का आयोजन बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ होगा।

## मुख्यमंत्री साय ने राजिम कुम्भ कल्प 2024 के लोगो और छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक पंचांग का किया विमोचन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को विधानसभा कार्यालय कक्ष में संस्कृति विभाग द्वारा निर्मित राजिम कुम्भ कल्प 2024 के लोगो और छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक पंचांग का विमोचन किया। इस अवसर पर संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायक धरम लाल कौशिक, विधायक अनुज शर्मा, संस्कृति विभाग के सचिव अन्बलगन पी., संस्कृति विभाग के संचालक विवेक आचार्य, पर्यटन मंडल के प्रबंध संचालक जितेंद्र शुक्ला भी उपस्थित थे।

गौरतलब है कि राजिम में आगामी 24 फरवरी से 5 मार्च तक राजिम कुम्भ कल्प आयोजित है। मंत्री श्री अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को कुम्भ कल्प के लिए की जा रही तैयारियों से अवगत कराया। उन्होंने सांस्कृतिक पंचांग की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री साय को बताया कि पंचांग में प्रदेश में आयोजित होने वाले सभी 84 मेले एवं महोत्सवों की जानकारी दी गई है।



# मूल पदों पर वापस लौटेंगे स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी एवं चिकित्सकीय स्टाफः श्याम बिहारी जायसवाल



### स्वास्थ्य मंत्री ने विधानसभा में की घोषणा, स्वास्थ्य कर्मियों का खत्म होगा अटैचमेंट

**रायपुर।** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने विधानसभा सदन में एक बड़ी घोषणा करते हुए प्रदेश में स्वास्थ्य कर्मियों का अटैचमेंट खत्म करने की बात कही है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा है कि ऐसी जानकारी मिली है कि बिना किसी कारण के ही दूरस्थ क्षेत्रों में पदस्थ स्वास्थ्य कर्मचारियों, नर्सिंग स्टाफ एवं चिकित्सकों को अन्यत्र मनचाही जगहों पर अटैच किया गया है जिससे आम लोगों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाएं प्रभावित हो रही हैं।

श्री जायसवाल ने कहा है कि यदि कहीं ऐसी विशेष परिस्थिति है जहां स्वास्थ्य विभाग के स्टाफ की कमी है और अटैचमेंट करना अनिवार्य हो तो विभागीय अनुमति लेकर उसे जारी रखा जा सकता है। स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने कहा है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का स्पष्ट निर्देश है कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर आम जनों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। ऐसी स्थिति में अकारण ही अटैचमेंट जैसी व्यवस्था से दूरस्थ क्षेत्रों में स्टाफ की कमी से आम लोगों को परेशानी होती है जिसे खत्म करना आवश्यक है।

# महतारी वंदन योजना को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह अब तक 62 लाख से अधिक महिलाओं ने भरा आवेदन

- शिविरों में महिलाओं की उमड़ रही भीड़
- आवेदन की अंतिम तारीख 20 फरवरी



**रायपुर।** प्रदेश में महतारी वंदन योजना को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। योजना का लाभ लेने के लिए प्रशासन द्वारा आयोजित शिविरों में बड़ी संख्या में महिलाएं आवेदन जमा करने के लिए पहुंच रही हैं। महिलाओं द्वारा आवेदन भरने का सिलसिला बीते 05 फरवरी से अनवरत रूप से जारी है। इस योजना के तहत अब तक 62 लाख 15 हजार 183 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। राज्य शासन द्वारा इस योजना के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। प्रदेश में महिलाओं द्वारा 15 फरवरी को एक दिन में ही 02 लाख 41 हजार से अधिक आवेदन किया गया है। आवेदन भरने की अंतिम तारीख 20 फरवरी निर्धारित की गई है।

गौरतलब है कि राज्य में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना लागू की गई है। इस योजना का लाभ पात्र महिलाओं को आगामी मार्च महीने से मिलने लगेगा। फिलहाल योजना से लाभान्वित करने के लिए पात्र महिलाओं से फॉर्म भरवाए जा रहे हैं। सभी जिलों में पंचायत और आंगनबाड़ी स्तर पर फॉर्म भरवाने के लिए आयोजित किए जा रहे शिविरों में महिलाओं की काफी भीड़ उमड़ रही है। योजना का लाभ लेने के लिए प्रदेश में अब तक ऑफलाइन आवेदन और पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन को मिलाकर कुल 62 लाख 15 हजार से अधिक महिलाओं के आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। गौरतलब है कि महतारी वंदन योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा प्रतिवर्ष महिलाओं को 12 हजार रुपए दिये जाएंगे।

# छत्तीसगढ़ी में एमए करने वाले छात्र-छात्राओं की पीएससी और व्यापम के माध्यम से जल्द होगी भर्तियांः बृजमोहन अग्रवाल

### शिक्षकों के पदोन्नति की जल्द होगी कार्यवाही



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ी में एमए करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए पीएससी व व्यापम के माध्यम से भर्तियां निकाली जाएगी शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सरकार छत्तीसगढ़ी भाषा पर स्नातक डिग्रीधारियों को नौकरी के अवसर मुहैय्या कराएगी। जिन नौजवानों ने छत्तीसगढ़ी में एमए पास किया है उन लोगों के सीजीपीएससी और व्यापम के जरिए करने भर्ती परीक्षा आयोजित करने की तैयारी है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने केवल छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ी की बात की है उसके लिए कोई काम नहीं किया।

शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ में बहुत बड़ी संख्या में कई सालों से सहायक शिक्षकों शिक्षकों, लैक्चरर की पदोन्नति नहीं हुई है। जिस कारण उनमें असंतोष है साथ ही विभाग में बड़ी संख्या में पद भी रिक्त है। जिसको देखते हुए यह फैसला लिया गया है कि, प्रमोशन की जितनी भी गतिविधियां है उनको अगले 6 महीने में पूरा करने की कोशिश की जाएगी।

श्री अग्रवाल ने कहा कि राज्य में कई स्थानों पर स्कूल की इमारत या तो बहुत जर्जर हो चुकी है या इमारत ही नहीं है। ऐसे में अगले 5 सालों में जर्जर इमारत का पुनर्निर्माण का काम किया जाएगा और जहां बिल्डिंग नहीं है वहां नई बिल्डिंग का निर्माण किया जायेगा। जिसके लिए डीएमएफमद से राशि ली जाएगी। साथ ही राज्य के कॉरपोरेट्स से जनहित कार्य के लिए सीएसआर मद से इमारत के निर्माण में सहयोग के लिए अनुरोध किया जाएगा।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)